| 6. | शिक्षा स्नातक (BEd) | 012 | 1. प्रारंभिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक<br>2. वे अभ्यर्थी, जिन्होंने एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस टू फेस) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया है।<br>3. स्नातक (सामान्य के लिए 50% OBC-NCL/SC/ST/PH 45% अंक) | 2 वर्ष | 5 वर्ष |
| 7. | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (BLibISc) | 006 | स्नातक | 1 वर्ष | 3 वर्ष |
| 8. | पत्रकारिता में स्नातक (BJ) | 007 | स्नातक | 1 वर्ष | 3 वर्ष |
| 9. | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDEM&FP) | 008 | स्नातक | 1 वर्ष | 3 वर्ष |
| 10. | पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC) | 009 | स्नातक | 1 वर्ष | 3 वर्ष |

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों का माध्यम हिंदी है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए समय–समय पर संपर्क कक्षाओं (Contact Classes) का आयोजन किया जाएगा। इसकी सूचना विश्वविद्यालय की **वेबसाइट : www.hindivishwa.org/distance पर दी जाएगी।**

## 1. व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (001MBA)

यह हिंदी माध्यम द्वारा प्रबंधन क्षेत्र में दूर शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित होने वाला एकमात्र और अनोखा पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम ने उन विद्यार्थियों, जिन्हें व्यवसाय प्रशासन में रुचि है, के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के द्वार खोल दिए हैं। इस पाठ्यक्रम से इसके अध्येताओं में आत्मविश्वास तो पैदा होगा ही, साथ ही वे दक्षता के साथ हर क्षेत्र में आगे भी बढ़ सकेंगे। वर्तमान संदर्भों में बाज़ार की माँग को ध्यान में रखते हुए विविध विशेषज्ञताओं में इस पाठ्यक्रम का निर्माण किया गया है। यह पाठ्यक्रम कुल 80 क्रेडिट का है।

### पाठ्य–विवरण

**प्रथम सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 401 | प्रबंधन का मूल आधार | 2 |
| 2 | MS 402 | संगठनात्मक व्यवहार | 2 |
| 3 | MS 403 | प्रबंधकीय लेखांकन | 4 |
| 4 | MS 404 | प्रबंधकीय अर्थशास्त्र | 4 |
| 5 | MS 405 | व्यवसाय के कानूनी पहलू | 4 |
| 6 | MS 406 | प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं संगणक के अनुप्रयोग | 4 |

**द्वितीय सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 411 | मानव संसाधन प्रबंधन | 4 |
| 2 | MS 412 | वित्तीय प्रबंधन | 4 |
| 3 | MS 413 | विपणन प्रबंधन | 4 |
| 4 | MS 414 | अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन | 4 |
| 5 | MS 415 | व्यावसायिक वातावरण | 4 |

**तृतीय सेमेस्टर** (अनिवार्य विषय)

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 420 | शोध के मूल आधार | 4 |
| 2 | MS 421 | उद्यमिता के मूल आधार | 4 |
| 3 | MS 422 | व्यावसायिक संप्रेषण | 4 |

विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार निम्नलिखित किसी एक विशेषज्ञता से 2 विषय एवं दूसरी विशेषज्ञता से 2 विषय का चयन करें।

**विपणन**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 423 | उपभोक्ता व्यवहार | 2 |
| 2 | MS 424 | बिक्री प्रबंधन | 2 |
| 3 | MS 425 | सेवा विपणन | 2 |
| 4 | MS 426 | खुदरा प्रबंधन | 2 |

**वित्त**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 428 | वित्तीय सेवाओं के मूल आधार | 2 |
| 2 | MS 429 | वित्तीय संस्थानों का प्रबंधन | 2 |
| 3 | MS 430 | कार्यशील पूँजी का प्रबंधन | 2 |
| 4 | MS 431 | मुद्रा एवं बैंकिंग | 2 |

### मानव संसाधन

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 433 | प्रशिक्षण और विकास | 2 |
| 2 | MS 435 | औद्योगिक संबंधों का प्रबंधन | 2 |
| 3 | MS 436 | श्रम कानून | 2 |
| 4 | MS 437 | संगठनों में टीम बिल्डिंग | 2 |

### **चतुर्थ सेमेस्टर** (अनिवार्य विषय)

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 438 | अंतिम अनुसंधान परियोजना | 8 |
| 2 | MS 439 | सामरिक प्रबंधन | 4 |

विद्यार्थी तृतीय सेमेस्टर के विशेषज्ञतानुसार निम्नलिखित किसी एक विशेषज्ञता से 2 विषय एवं दूसरी विशेषज्ञता से 2 विषय का चयन करें :

### विपणन

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 442 | विज्ञापन एवं बिक्री संवर्धन | 2 |
| 2 | MS 443 | आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन | 2 |
| 3 | MS 444 | ब्रांड प्रबंधन | 2 |
| 4 | MS 445 | विपणन शोध | 2 |

### वित्त

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 446 | विलय और अधिग्रहण | 2 |
| 2 | MS 447 | स्टॉक मार्केट ऑपरेशंस | 2 |
| 3 | MS 448 | सुरक्षा विश्लेषण और पोर्टफोलियो प्रबंधन | 2 |
| 4 | MS 449 | अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन | 2 |

### मानव संसाधन

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MS 450 | संगठनात्मक विकास | 2 |
| 2 | MS 451 | मानव संसाधन विकास | 2 |
| 3 | MS 452 | मुआवजा प्रबंधन | 2 |
| 4 | MS 453 | मानव संसाधन नियोजन | 2 |

## 2. समाजकार्य में स्नातकोत्तर (002 MSW)

यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को समाजकार्य से जुड़े व्यवसायों में उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान करता है। समाजकार्य पाठ्यक्रम के परंपरागत विषयों के साथ यह वैश्वीकरण, विस्थापन, भारत में समाजकार्य का इतिहास, एड्स/एचआईवी इत्यादि समसामयिक व प्रासंगिक विषयों को भी समाहित करता है। इस पाठ्यक्रम का व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के रोज़गार की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है। यह पाठ्यक्रम 80 क्रेडिट का है।

### पाठ्य–विवरण

**प्रथम सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MSW 01 | समाज कार्य का उद्भव और विकास | 4 |
| 2 | MSW 02 | सामाजिक विज्ञान अवधारणाएँ | 4 |
| 3 | MSW 03 | समाज कार्य के क्षेत्र | 4 |
| 4 | MSW 04 | व्यक्तित्व एवं मानव व्यवहार की गतिकी | 4 |
| 5 | MSW 05 | भारतीय सामाजिक समस्याएँ | 4 |

**द्वितीय सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MSW 06 | सामाजिक वैयक्तिक सेवाकार्य | 4 |
| 2 | MSW 07 | सामाजिक समूह कार्य | 4 |
| 3 | MSW 08 | सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया | 4 |
| 4 | MSW 09 | समाजकार्य एवं सामाजिक विकास | 4 |
| 5 | MSW 10 | सामाजिक कल्याण प्रशासन, नीति और नियोजन | 4 |

**तृतीय सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MSW 11 | समाज कार्य प्रबंधन | 4 |
| 2 | MSW 12 | समाज कार्य अनुसंधान | 4 |
| 3 | MSW 13 | सामुदायिक स्वास्थ्य | 4 |
| 4 | MSWFW01 | क्षेत्र कार्य | 8 |

**चतुर्थ सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1 | MSW 14 | गांधीय समाज कार्य | 4 |
| 2 | MSW 15 | परामर्श एवं संप्रेषण : समाज कार्य परिप्रेक्ष्य | 4 |
| 3 | MSW 16 | संविधान और मानवाधिकार | 4 |
| 4 | MSWP01 | परियोजना कार्य | 8 |

## 3. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (003 MJ)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य जनसंचार सिद्धांतों, मीडिया की विभिन्न धारणाओं–समस्याओं का विस्तृत एवं गहन अध्ययन कराना है। इस पाठ्यक्रम द्वारा माध्यमों (मीडिया) के संबंध में शोध प्रशिक्षण एवं सतत अध्ययन को गति देना, मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष रुचि के अनुसार दक्षता का विकास किया जाना है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी को पत्रकारिता के विभिन्न संस्थाओं में कार्य करने हेतु आवश्यक कौशल उपलब्ध कराया जाता है। यह पाठ्यक्रम 64 क्रेडिट का है।

### पाठ्य–विवरण

| क्र. | कोड | विषय | क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MJ 101 | जनसंचार माध्यमों के लिए लेखन | 5. | MJ 105 | विशेषीकृत पत्रकारिता एवं समाज |
| 2 | MJ 102 | फीचर लेखन एवं पत्रिका संपादन | 6 | MJ 106 | न्यू मिडिया प्रोडक्शन |
| 3 | MJ 103 | जनसंचार शोध प्रविधि | 7 | MJ 107 | न्यू मिडिया एवं समाज |
| 4 | MJ 104 | जनसंचार के सिद्धांत | 8 | MJ 108 | परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) |

## 4. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (004 M Lib Isc)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश में विद्यमान पुस्तकालय और सूचना केंद्रों के प्रभावी संगठन तथा प्रबंधन के लिए कौशल एवं प्रशिक्षण विकसित कराना है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय की नवीनतम प्रवृत्तियों एवं तकनीकी प्रशिक्षण द्वारा ज्ञान व कौशल अर्जित कर सकेगा। यह पाठ्यक्रम 32 क्रेडिट का है।

पाठ्य–विवरण

| क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|
| 1 | MLIS01 | पुस्तकालय सूचना एवं समाज |
| 2 | MLIS02 | ज्ञान का संगठन एवं शोध पद्धति |
| 3 | MLIS03 | सूचना संग्रहण एवं पुनः प्राप्ति |
| 4 | MLIS04 | सूचना स्रोत, संसाधन एवं प्रणालियाँ |

| क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|
| 5 | MLIS05 | सूचना उत्पाद एवं सेवाएँ : संरचना, विकास एवं विपणन |
| 6 | MLIS06 | पुस्तकालय एवं सूचना केंद्रों का प्रबंधन |
| 7 | MLIS07 | पुस्तकालय में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग |
| 8 | MLIS08 | पुस्तकालय सामग्री का परिरक्षण एवं संरक्षण |

## 5. एमए हिन्दी : (010 MAHD)

यह पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए है जो स्वाध्याय केन्द्रित दूर शिक्षा के माध्यम से हिन्दी भाषा और साहित्य का सम्यक् अध्ययन कर हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं। सेमेस्टर पद्धति एवं स्वचयनाधारित क्रेडिट प्रणाली के अनुरूप निर्मित 4 सेमेस्टर में विभक्त यह द्विवर्षीय पाठ्यक्रम कुल 80 क्रेडिट का है। यह पाठ्यक्रम हिन्दी भाषा एवं साहित्य की परम्परागत पाठ्यचर्याओं के साथ ही 'प्रयोजनमूलक हिन्दी', 'हिन्दी पत्रकारिता', 'हिन्दी भाषा एवं भाषा–शिक्षण' तथा 'सृजनात्मक लेखन' जैसी रोजगारोन्मुखी पाठ्यचर्याओं के अध्ययन का अवसर सुलभ कराता है। यह पाठ्यक्रम इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि इसमें 'हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण', 'तुलनात्मक भारतीय साहित्य', एवं 'नव सामाजिक विमर्श' जैसी अत्यन्त आवश्यक एवं प्रासंगिक पाठ्यचर्याओं के साथ ही नैतिक संस्कारों और जीवन मूल्यों की चेतना के निहितार्थ 'हिन्दी नीतिकाव्य और मूल्य चेतना' जैसी समाजोपयोगी पाठ्यचर्या का भी समावेश किया गया है। परियोजना कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों को हिन्दी के कालजयी रचनाकारों के समग्र कृतित्व एवं हिन्दी की समवेत संस्कृति की स्थापना में सहायक विभिन्न प्रचार संस्थाओं / नाट्य–संस्थाओं, पत्र–पत्रिकाओं, साहित्यिक आन्दोलनों, पुस्तकालयों, साहित्यिक केन्द्रों तथा साहित्यिक कृतियों पर बनने वाले सिनेमा और टेलीविजन धारावाहिकों, प्रकाशकों आदि के विशेष योगदान का सघन अध्ययन करने हेतु प्रवृत्त करना इस पाठ्यक्रम का अपना वैशिष्ट्य है।

पाठ्य–विवरण

**प्रथम सेमेस्टर**

| क्र. | कोड | अनिवार्य / वैकल्पिक | शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHD-01 | अनिवार्य | प्रारम्भिक हिन्दी काव्य | 4 |
| 2 | MAHD-02 | अनिवार्य | हिन्दी उपन्यास एवं कहानी | 4 |
| 3 | MAHD-03 | अनिवार्य | भारतीय काव्यशास्त्र | 4 |
| 4 | MAHD-04 | अनिवार्य | हिन्दी साहित्य का इतिहास–1 | 4 |
| 5 | MAHD-05 | वैकल्पिक | प्रयोजनमूलक हिन्दी | 4 |
| 6 | MAHD-06 | वैकल्पिक | लोक–साहित्य | 4 |

### द्वितीय सेमेस्टर

| क्र. | कोड | अनिवार्य / वैकल्पिक | शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHD-07 | अनिवार्य | मध्यकालीन हिन्दी काव्य | 4 |
| 2 | MAHD-08 | अनिवार्य | हिन्दी नाटक एवं रंगमंच | 4 |
| 3 | MAHD-09 | अनिवार्य | पाश्चात्य काव्यशास्त्र | 4 |
| 4 | MAHD-10 | अनिवार्य | हिन्दी साहित्य का इतिहास–2 | 4 |
| 5 | MAHD-11 | वैकल्पिक | हिन्दी पत्रकारिता | 4 |
| 6 | MAHD-12 | वैकल्पिक | हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण | 4 |

### तृतीय सेमेस्टर

| क्र. | कोड | अनिवार्य / वैकल्पिक | शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHD-13 | अनिवार्य | आधुनिककालीन हिन्दी काव्य | 4 |
| 2 | MAHD-14 | अनिवार्य | हिन्दी आलोचना | 4 |
| 3 | MAHD-15 | अनिवार्य | हिन्दी भाषा का विकास एवं नागरी लिपि | 4 |
| 4 | MAHD-16 | अनिवार्य | तुलनात्मक भारतीय साहित्य | 4 |
| 5 | MAHD-17 | वैकल्पिक | हिन्दी भाषा एवं भाषा–शिक्षण | 4 |
| 6 | MAHD-18 | वैकल्पिक | सृजनात्मक लेखन | 4 |

### चतुर्थ सेमेस्टर

| क्र. | कोड | अनिवार्य / वैकल्पिक | शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHD-19 | अनिवार्य | हिन्दी नीतिकाव्य और मूल्य चेतना | 4 |
| 2 | MAHD-20 | अनिवार्य | हिन्दी के विविध गद्य–रूप | 4 |
| 3 | MAHD-21 | अनिवार्य | भाषाविज्ञान | 4 |
| 4 | MAHD-22 | अनिवार्य | नव सामाजिक विमर्श | 4 |
| 5 | MAHD-23 | वैकल्पिक | परियोजना कार्य : रचनाकार का विशेष अध्ययन | 4 |
| 6 | MAHD-24 | वैकल्पिक | परियोजना कार्य : हिन्दी की संस्कृति का विशेष अध्ययन | 4 |

## 6. शिक्षा–स्नातक (012 BEd)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य सेवारत शिक्षकों को सतत व्यावसायिक विकास का एक मंच प्रदान करना है, जो माध्यमिक स्तर पर प्रभावशाली अध्ययन–अध्यापन प्रक्रिया हेतु उन्हें सक्षम बना सके। यह पाठ्यक्रम सेवारत अध्यापकों के अनुभवों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से सेवारत शिक्षकों में शिक्षाशास्त्रीय कुशलताओं को इस प्रकार से विकसित किया जाएगा कि वे शिक्षण के विभिन्न दार्शनिक, सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक आयामों के बृहत्तर परिदृश्य को भारतीय संदर्भ में समझ सकें। इस पाठ्यक्रम का निर्माण शिक्षा की समकालीन माँग को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह पाठ्यक्रम दो वर्ष का है, जिसमें विद्यार्थी को कुल 80 क्रेडिट अर्जित करनी होगी।

## पाठ्यक्रम का उद्देश्य :

पाठ्यक्रम का उद्देश्य सेवारत अध्यापकों को निम्नलिखित के योग्य बनाना है :

1. सेवारत अध्यापकों के अनुभवों को व्यवस्थित करना और उनकी व्यावसायिक क्षमताओं को सुदृढ़ करना।
2. उन कौशलों को विकसित करना, जो माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के अध्ययन अनुभवों के चयन करने और उन्हें व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक माने जाते हैं।
3. उन कौशलों को विकसित करना, जो विद्यार्थियों की शैक्षिक और निजी समस्याओं को सुलझाने हेतु आवश्यक हैं।
4. ज्ञान का निर्माण करना तथा कक्षा में उसका प्रयोग करना।
5. शैक्षिक आकलन व मूल्यांकन उपकरणों का चयन, विकास और प्रयोग करने हेतु सम्मिलित कौशलों को विकसित करना।
6. विद्यालय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान और बोध प्राप्त कराना।
7. विभिन्न शिक्षण, अनुदेशन और विद्यार्थी सहायता कार्य–कलाप आयोजित करने के लिए क्षमताएँ विकसित करना ।
8. वर्तमान, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संदर्भ में सामान्य तौर पर, नई शैक्षिक पद्धति में विशेष तौर पर अध्यापक की भूमिका के महत्व का बोध विकसित करना।

### पाठ्य–विवरण

| प्रथम सेमेस्टर | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
| 1 | शिक्षा 011 | शिक्षा एवं शिक्षा के प्रयोजन | 4 |
| 2 | शिक्षा 012 | शिक्षार्थी एवं उसका संदर्भ | 4 |
| 3 | शिक्षा 013 | समकालीन भारत एवं शिक्षा | 4 |
| 4 | शिक्षा 014 | शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी | 4 |
| 5 | शिक्षा 015 | विद्यालय संगठन एवं प्रशासन | 4 |

| द्वितीय सेमेस्टर | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
| 1 | शिक्षा 021 | संज्ञान, अधिगम एवं शिक्षण | 4 |
| 2 | शिक्षा 022 | शैक्षिक आकलन | 4 |
| 3 | शिक्षा 023 | विद्यालय विषय शिक्षण | 4 |
| 4 | शिक्षा 024 | विद्यालय प्रबंधन एवं नेतृत्व | 4 |
| 5 | शिक्षा 025 | व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (एक सप्ताह के लिए) | 4 |

| तृतीय सेमेस्टर | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
| 1 | शिक्षा 031 | विद्यालय शिक्षण अनुभव कार्यक्रम | 16 |
| 2 | शिक्षा 032 | विषय शिक्षा (प्रायोगिक) | 04 |

| चतुर्थ सेमेस्टर | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | कोड | विषय | क्रेडिट |
| 1 | शिक्षा 041 | शिक्षा तकनीकी | 4 |
| 2 | शिक्षा 042 | शैक्षिक निर्देशन एवं परामर्श | 4 |
| 3 | शिक्षा 043 | ज्ञान एवं पाठ्यचर्या | 4 |
| 4 | शिक्षा 044 | पर्यावरण शिक्षा | 4 |
| 5 | शिक्षा 045 | जेंडर, विद्यालय और समाज (वैकल्पिक) | 4 |
| 6 | शिक्षा 046 | मानवाधिकार एवं शांति शिक्षा (वैकल्पिक) | 4 |

## 7. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (006 B Lib ISc)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश में विद्यमान पुस्तकालय और सूचना तकनीकी की जानकारी तथा प्रभावी संगठन एवं व्यवस्थापन की दक्षता और कौशल विकसित कराना है। यह पाठ्यक्रम 40 क्रेडिट का है।

पाठ्य-विवरण

| क्र. | कोड | विषय | क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BLIS01 | पुस्तकालय एवं समाज | 5 | BLIS05 | पुस्तकालय प्रबंध |
| 2 | BLIS02 | पुस्तकालय वर्गीकरण एवं सूचीकरण सिद्धांत | 6 | BLIS06 | सूचना स्रोत |
| 3 | BLIS03 | पुस्तकालय वर्गीकरण – प्रायोगिक | 7 | BLIS07 | संदर्भ एवं सूचना सेवाएँ |
| 4 | BLIS04 | पुस्तकालय सूचीकरण – प्रायोगिक | 8 | BLIS08 | कंप्यूटर : मूलभूत एवं अनुप्रयोग |

## 8. पत्रकारिता में स्नातक (007 BJ)

प्रस्तुत पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय का व्यावहारिक और गहन प्रशिक्षण देना है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में पत्रकारिता एवं जनसंचार माध्यमों के प्रति रुचि उत्पन्न करता है जिससे विद्यार्थी मुद्रित माध्यमों, पत्र–पत्रिकाओं आदि से लेकर रेडियो, टेलीविजन, समाचार एजेंसियों और सरकारी एवं कार्पोरेट संस्थाओं में रोजगार प्राप्त करने के लिए अपेक्षित कौशल हासिल कर सके। यह पाठ्यक्रम 48 क्रेडिट का है।

पाठ्य-विवरण

| क्र. | कोड | विषय | क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BJ01 | कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं साइबर मीडिया | 5 | BJ05 | जनसंपर्क एवं विज्ञापन |
| 2 | BJ02 | संचार एवं विकासात्मक संचार | 6 | BJ06 | संपादन, पृष्ठ सज्जा एवं मुद्रण |
| 3 | BJ03 | जनसंचार माध्यमों का इतिहास | 7 | BJ07 | मीडिया संस्थान प्रबंधन एवं मीडिया कानून |
| 4 | BJ04 | मीडिया लेखन | 8 | BJ08 | परियोजना कार्य |

## 9. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (008 PGD EM& FP)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन का विस्तृत एवं गहन अध्ययन कराना है। इसके अंतर्गत जनसंचार माध्यमों के संबंध में शोध प्रशिक्षण एवं सतत अध्ययन को गति देना, मीडिया के विभिन्न क्षेत्र में विशेष रुचि के अनुसार दक्षता पर विशेष बल दिया जाता है। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हाउस और फिल्म प्रोडक्शन हाउस की विभिन्न संस्थाओं में कार्य करने हेतु आवश्यक कौशल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। यह पाठ्यक्रम 32 क्रेडिट का है।

पाठ्य-विवरण

| क्र. | कोड | विषय | क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PGDEM&FP01 | मीडिया : अवधारणा एवं सिद्धांत | 4 | PGDEM&FP04 | फ़िल्म प्रबंधन |
| 2 | PGDEM&FP02 | फ़िल्म परिचय एवं इतिहास | 5 | PGDEM&FP05 | प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट कार्य |
| 3 | PGDEM&FP03 | फ़िल्म प्रोडक्शन | | | |

## 10. पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (009PGDJMC)

प्रस्तुत पाठ्यक्रम का उद्देश्य मीडिया क्षेत्र में कार्यरत लोगों तथा उनके व्यावसायिक विकास से जुड़े ज्ञान व कौशल में वृद्धि कराना है। यह डिप्लोमा जनसंचार एवं पत्रकारिता के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक आयामों को सर्वांगीण दृष्टि प्रदान करता है। इस डिप्लोमा के लिए पटकथा लेखक, रिपोर्टर, संपादक, फोटोग्राफर, तकनीकी सहायक, जनसंपर्क अधिकारी आदि के अनुभव स्वीकार्य होंगे। यह पाठ्यक्रम 32 क्रेडिट का है।

पाठ्य-विवरण

| क्र. | कोड | विषय | क्र. | कोड | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PGDJMC01 | जनसंचार एवं पत्रकारिता : स्वरूप और सिद्धांत | 3 | PGDJMC03 | समाचार संकलन, लेखन एवं संपादन |
| 2 | PGDJMC02 | मीडिया और समाज | 4 | PGDJMC04 | जनसंपर्क एवं विज्ञापन |

नोट : समस्त पाठ्यक्रमों के अंग्रेज़ी पाठ्य–विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## शुल्क सारिणी

| क्र. | पाठ्यक्रम | शिक्षण शुल्क | प्रवेश शुल्क | नामांकन शुल्क | परिचय पत्र शुल्क | परीक्षा शुल्क | उपाधि शुल्क | कुल पाठ्यक्रम शुल्क (₹ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 11,500 (प्रथम वर्ष) | 200 | 200 | 100 | 2,500 | – | 14,500 |
| | | 11,500 (द्वितीय वर्ष) | – | – | – | 2,500 | 250 | 14,250 |
| 2. | MSW | 8,000 (प्रथम वर्ष) | 200 | 200 | 100 | 2,500 | – | 11,000 |
| | | 8,000 (द्वितीय वर्ष) | – | – | – | 2,500 | 250 | 10,750 |
| 3. | MJ | 9,500 | 200 | 200 | 100 | 2,000 | 250 | 12,250 |
| 4. | MLiBISc | 5,000 | 200 | 200 | 100 | 2,000 | 250 | 7,750 |
| 5. | MAHD | 4,000 (प्रथम वर्ष) | 200 | 200 | 100 | 2,500 | – | 7,000 |
| | | 4,000 (द्वितीय वर्ष) | – | – | – | 2,500 | 250 | 6,750 |
| 6. | BEd | 10,000 (प्रथम वर्ष) | 200 | 200 | 100 | 2,500 | – | 13,000 |
| | | 10,000 (द्वितीय वर्ष) | – | – | – | 2,500 | 250 | 12,750 |
| 7. | BLibISc | 5,000 | 200 | 200 | 100 | 2,000 | 250 | 7,750 |
| 8. | BJ | 5,000 | 200 | 200 | 100 | 2,000 | 250 | 7,750 |
| 9. | PGDEM&FP | 5,500 | 200 | 200 | 100 | 1,300 | 250 | 7,550 |
| 10. | PGDJMC | 3,000 | 200 | 200 | 100 | 1,000 | 250 | 4,750 |

शिक्षण शुल्क में छूट : दिव्यांग एवं बीपीएल वर्ग को संबंधित प्रमाणपत्र जमा करने पर शिक्षण शुल्क में क्रमशः 50 प्रतिशत तथा 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान है।

# महत्वपूर्ण निर्देश

## प्रवेश प्रक्रिया :

बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश 'मेरिट' के आधार पर होगा। आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर उपलब्ध है, जिसे आवश्यक संलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। निदेशालय द्वारा प्राप्त आवेदनों की जाँच के बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## ऑनलाइन आवेदन :

ऑनलाइन आवेदन हेतु दूर शिक्षा निदेशालय के वेब पेज (www.hindivishwa.org/ distance) पर प्रवेश मेन्यू के ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें।

## भुगतान प्रक्रिया :

समस्त पाठ्यक्रम–शुल्क (वार्षिक / सत्रानुसार, जो लागू हो) सामान्यतः एकमुश्त देय है। विद्यार्थी यदि चाहे तो संबंधित पाठ्यक्रम–शुल्क का भुगतान दो समान किश्तों (प्रथम–प्रवेश आवेदन के साथ तथा द्वितीय परीक्षा आवेदन के साथ) में कर सकता है। समस्त शुल्क किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि, वर्धा के पक्ष में तथा वर्धा में देय (In favour of Finance Officer, MGAHV, Wardha) (Payable at Wardha) माँगपत्र के द्वारा जमा किया जा सकता है। माँगपत्र के पीछे पाठ्यक्रम का नाम, छात्र का नाम, ईमेल आईडी, पता व मोबाइल नंबर का उल्लेख अनिवार्य है।

जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस, स्थानांतरित या समायोजित नहीं किया जाएगा। यदि शुल्क विवरण में कोई परिवर्तन होगा, तो यह परिवर्तन सभी पर लागू होगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

## संलग्नकों की सूची :

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी अनिवार्य है :

1. कक्षा 10 वीं की अंकसूची तथा प्रमाणपत्र (दोनों)
2. कक्षा 12 वीं की अंकसूची
3. डीएड / समकक्ष (बीएड के लिए अनिवार्य)
4. स्नातक की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र / डिग्री / अंतिम प्रमाणपत्र
5. अद्यतन अनुभव / सेवा प्रमाणपत्र (जहाँ लागू है।) बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शिक्षणाधिकारी द्वारा जारी सेवारत प्रमाणपत्र अनिवार्य है।
6. स्थायी पता का प्रमाण
7. जाति प्रमाण पत्र (OBC-NCL/SC/ST)
8. आधार कार्ड

पूर्ण एवं विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज़ के साथ निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित पते पर पहुँच जाने चाहिए –

निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, पो. हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र) – 442 001

**अपूर्ण एवं अपाठ्य आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिए जाएँगे।**

## पात्रता एवं प्रवेश :

1. प्रत्येक पाठ्यक्रम में विद्यार्थी की निश्चित संख्या या लक्षित समूह की संख्या के निर्धारण का अधिकार विश्वविद्यालय का है, साथ ही यह संख्या पाठ्यक्रम की माँग व संचालित करने की क्षमता पर भी निर्भर होगी।
2. लक्षित समूह में नव–स्नातक विद्यार्थी, नौकरीपेशा अभ्यर्थी इत्यादि शामिल हैं।

3. प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश निर्धारित 'प्रवेश–पात्रता' के आधार पर ही होगा, जैसा कि विद्यार्थी मार्गदर्शिका में निर्देशित है।
4. सभी पाठ्यक्रमों का माध्यम हिंदी है।
5. स्नातक परीक्षा परिणाम हेतु प्रतीक्षारत विद्यार्थी भी आवेदन कर सकता है।
6. DEC/अधिसूचना/ 40.5.1.5/2012, दि. 01.11.2012 के अनुसार विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान से एक साथ दो स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र नहीं है। अधिक जानकारी के लिए उक्त अधिसूचना संज्ञान में लें।

## परीक्षा केंद्र :

अभ्यास केंद्र ही परीक्षा केंद्र हो यह अनिवार्य नहीं है। समस्त पाठ्यक्रमों की सत्रांत/वार्षिक परीक्षा नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा चयनित केंद्रों पर होगी। विशेष परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में परिवर्तन का अधिकार विश्वविद्यालय का है।

परीक्षा केंद्रों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## परीक्षा-आवेदन* :

अभ्यास केंद्र संचालक इसका ध्यान रखें कि विद्यार्थियों द्वारा स्वहस्ताक्षरित परीक्षा आवेदन–प्रपत्र स्पष्ट और पूर्ण रूप से भरा हो यथा–परीक्षा केंद्र का नाम, पंजीयन संख्या/नामांकन संख्या, परीक्षार्थी का नाम (हिंदी व अंग्रेज़ी में), माता–पिता का नाम (हिंदी व अंग्रेज़ी में), पाठ्यक्रम का नाम एवं कोड, जन्मतिथि, प्रश्न पत्र का नाम व कोड, यदि पूरक है तो पूरक वाले कॉलम में ही अंकित है या नहीं, उपस्थिति–पत्रक एवं प्रवेश–पत्र भी पूर्ण रूप से भरा है या नहीं। अपूर्ण परीक्षा आवेदन–प्रपत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा एवं बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा। इसका सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

## मूल्यांकन एवं परिणाम :

दूर शिक्षा निदेशालय विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु आंतरिक एवं सत्रांत मूल्यांकन पद्धति को अपनाता है। इसमें कुल पूर्णांकों में से 30 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन/संपर्क कक्षाओं तथा शेष 70 प्रतिशत सत्रांत मूल्यांकन का होगा। सत्रांत मूल्यांकन में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में कम से कम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। जो विद्यार्थी दोनों पूर्णांकों (100) में 40 प्रतिशत प्राप्तांक लाएगा, वही उत्तीर्ण माना जाएगा। 40 प्रतिशत प्राप्तांक लाने में असफल विद्यार्थी को अगली सत्रांत परीक्षा में बैठने के लिए निर्धारित शुल्क ₹ 300/- प्रति प्रश्नपत्र जमा करना होगा। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं होने पर अगले सत्र में सत्रीय कार्य पुनः जमा करने हेतु निर्धारित शुल्क ₹ 250/- जमा करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के Toll Fee No.18002331575 से संपर्क किया जा सकता है।

## चयन-सूचना :

चयनित विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org/distance पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थी दूर शिक्षा के कार्यालय एवं संबंधित अभ्यास केंद्र से संपर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकता है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद ही उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा एवं नामांकन संख्या प्रदान की जाएगी। यह संख्या उनके परिचय–पत्र पर अंकित की जाएगी, जो पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि तक मान्य होगी। नामांकन हेतु प्रपत्र विद्यार्थी द्वारा चुने गए अभ्यास–केंद्र से प्राप्त होगा। विद्यार्थी द्वारा भरा हुआ नामांकन प्रपत्र चुने गए अध्ययन–केंद्र द्वारा अग्रेषित होना आवश्यक है।

## नामांकन प्रक्रिया :

1. विश्वविद्यालय अपने क्षेत्रीय केंद्रों/अभ्यास केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थी मार्गदर्शिका एवं नामांकन पत्र अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाएगा।

2. अभ्यर्थी अर्हता संबंधी दस्तावेज को स्वयं प्रमाणित करेंगे तथा अपने अभ्यास केंद्र का चुनाव भी सुविधानुसार स्वयं करेंगे।
3. अभ्यर्थी पूर्णरूप से भरा आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं आवश्यक शुल्क के साथ चयनित अभ्यास केंद्र में निर्धारित तिथि के भीतर विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने हेतु जमा कराएंगे।
4. चयनित अभ्यर्थी को एक स्थाई पंजीयन संख्या एवं अभ्यास केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यास केंद्र में आवंटित अभ्यर्थी की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट, दूर शिक्षा निदेशालय के क्षेत्रीय केंद्रों एवं संबंधित अभ्यास केंद्र में उपलब्ध होगी।
5. किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को आवंटित अध्ययन केंद्र को बदला नहीं जाएगा। सामान्यतः विश्वविद्यालय अभ्यर्थी को आवंटित अध्ययन केंद्र को अगले वर्ष भी जारी रखेगा, लेकिन असामान्य परिस्थिति में विश्वविद्यालय किसी अभ्यर्थी का आवंटित अध्ययन केंद्र बदल भी सकता है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय अभ्यर्थी एवं अध्ययन केंद्र की किसी शिकायत की सुनवाई नहीं करेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

## अभ्यास केंद्र :

अभ्यास–केंद्र का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थी स्वयं प्रवेश आवेदन–पत्र में अपने केंद्र का उल्लेख करेगा और उसी के अनुसार अभ्यास–केंद्र निर्धारित किया जाएगा। यदि किन्हीं कारणों से वांछित केंद्र का निर्धारण संभव नहीं होगा तो विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह विद्यार्थी के गृह जनपद के समीप का कोई अन्य अभ्यास–केंद्र, जहाँ विद्यार्थी द्वारा चयनित पाठ्यक्रम की सुविधा उपलब्ध हो, निर्धारित करे। छात्र द्वारा चयनित केंद्र में परिवर्तन की माँग सामान्यतः स्वीकार नहीं की जाएगी। विशेष परिस्थिति में किन्हीं औचित्यपूर्ण कारणों पर विचार किया जा सकेगा। प्रार्थना–पत्र पूर्व में चयनित अभ्यास–केंद्र के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

## परिचय पत्र * :

निर्धारित शुल्क जमा होने के बाद विद्यार्थी को परिचय–पत्र जारी किया जाएगा। इस परिचय–पत्र में विद्यार्थी का नाम, पाठ्यक्रम का नाम, नामांकन संख्या आदि का उल्लेख किया जाएगा। किसी पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने की न्यूनतम/अधिकतम अवधि के दौरान परिचय पत्र खो जाने पर निर्धारित शुल्क देकर पुनः बनवाना अनिवार्य है। इसके लिए ₹ 100 का माँग पत्र जमा कराना होगा।

## पाठ्यक्रम सत्र :

दूर शिक्षा निदेशालय सत्रीय/वार्षिक प्रणाली (Semester / Annual System) के आधार पर पाठ्यक्रम संचालित करेगा। हर विद्यार्थी को प्रदत्त अधिकतम अवधि के भीतर संबंधित पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करना होगा। इस अवधि में नामांकित वर्ष की भी गणना की जाएगी।

## पाठ्य सामग्री का वितरण :

दूर शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थी के अध्ययन की व्यवस्था परंपरागत विश्वविद्यालयों से भिन्न है। इस पद्धति की शिक्षा 'विद्यार्थी केंद्रित' है और इसकी सफलता विद्यार्थी के सक्रिय सहयोग एवं स्वाध्याय से ही संभव है। सामान्यतः परंपरागत प्रणाली में अध्यापक से विद्यार्थियों का सीधा संपर्क बनता है और इसी के माध्यम से उसे शिक्षा प्राप्त होती है। दूर शिक्षा प्रणाली में बहुआयामी व्यवस्था के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में जानकारी विद्यार्थी को दी जाती है। इस हेतु विद्यार्थी को संबंधित अभ्यास/क्षेत्रीय केंद्र/विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, VMOU, कोटा, RTOU, इलाहाबाद द्वारा निर्मित उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण **ई-पाठ्यसामग्री अथवा मुद्रित पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। संबंधित पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री उपलब्ध न होने की स्थिति में संदर्भ ग्रंथों की सूची अथवा संबंधित पाठ्यक्रम का पाठ्यविवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** इस संबंध में विश्वविद्यालय अभ्यर्थी एवं अभ्यास केंद्र की किसी शिकायत की सुनवाई नहीं करेगा।

## प्रायोगिक एवं परियोजना कार्य :

प्रयोगात्मक कार्य अथवा परियोजना कार्य की व्यवस्था निर्धारित केंद्रों पर ही की जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित परीक्षा के पूर्व प्रयोगात्मक व परियोजना कार्य पूरा नहीं करता है, तो वह सत्रांत परीक्षा के लिए अर्ह नहीं होगा और अगली परीक्षा के प्रयोगात्मक कार्य के लिए निर्धारित शुल्क ₹ 250 प्रति प्रश्नपत्र अलग से पुनः जमा करना होगा।

## सामान्य जानकारी :

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्राप्त होने वाले समस्त आवेदन पत्र/नामांकन पत्र निर्धारित शुल्क के साथ अभ्यास केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय में जमा किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन एवं शुल्क जमा करने पर अभ्यास केंद्र इसकी प्राप्ति–रसीद विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएगा। अभ्यास केंद्र से आशा की जाती है कि वे अभ्यर्थी द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्र एवं शुल्क को समय से विश्वविद्यालय में जमा कराएँ। इसके, विश्वविद्यालय में देरी से जमा होने, इसकी सुरक्षा तथा अन्य नुकसान आदि के लिए अभ्यास केंद्र ज़िम्मेदार होगा। पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन तक प्रत्येक विद्यार्थी से आशा की जाती है कि वे सभी दस्तावेज़, शुल्क, विश्वविद्यालय एवं अभ्यास केंद्र द्वारा प्राप्त सूचना आदि की छायाप्रति संभाल कर रखें ।

आवेदन–पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट या विद्यार्थी मार्गदर्शिका में दिए गए दिशा–निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

- प्रवेश–आवेदन के साथ संलग्न होने वाले समस्त दस्तावेज़ स्वप्रमाणित हों। अपूर्ण, असत्यापित, अस्पष्ट, पूर्ण शैक्षिक एवं आवश्यक अर्हता न रखने वाले आवेदनों को बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।
- प्रवेश–आवेदन के साथ परिचय–पत्र को अनिवार्य रूप से भरकर भेजें।
- द्वितीय वर्ष के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम आवेदन–पत्र को ही भरकर निर्धारित तिथि तक मुख्यालय में उपलब्ध कराएँ।
- क्रेडिट स्थानांतरण के अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी इस हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकता है। आवेदन में क्रेडिट स्थानांतरण का उल्लेख तथा उत्तीर्ण किए गए संबंधित पाठ्यक्रम की अंक तालिका संलग्न करना अनिवार्य है।
- आवेदक अपना नाम व अन्य विवरण सावधानीपूर्वक स्पष्ट रूप से यथापेक्षित हिंदी व अंग्रेज़ी में भरें। आवेदक द्वारा भरे गए विवरणानुसार ही अंक तालिका जारी की जाएगी। आवेदन में ईमेल आईडी तथा मोबाइल नंबर का उल्लेख अनिवार्य है, जिससे संबंधित सूचना तत्काल दी जा सके।
- छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय से निर्धारित प्रपत्र (जो लागू हो) में स्वयं द्वारा भरे हुए व स्वहस्ताक्षरित प्रवेश आवेदन–प्रपत्र एवं परीक्षा आवेदन–प्रपत्र ही स्वीकार्य हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले कोई भी दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएँगे। साथ ही उपर्युक्त में से कोई अभ्यास केंद्र संचालक के हस्ताक्षर व मुहर के बगैर प्राप्त होता है, तो संबंधित दस्तावेज़ निरस्त कर दिया जाएगा।
- संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय/संस्थान की 10+2+3 शैक्षिक पद्धति ही स्वीकार्य है।
- आवश्यक दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org/distance पर लॉग ऑन करें। कोई भी नवीनतम/सामयिक/आधुनिकतम सूचना /दस्तावेज़ डाउनलोड करने से पूर्व संबंधित कड़ी (Link) को एक बार रिफ्रेश (Refresh) अवश्य करें। आवश्यकता पड़ने पर निदेशालय से निःशुल्क दूरभाष 18002331575 पर (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक) संपर्क किया जा सकता है।
- विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों/पाठ्यक्रमों/परीक्षाओं/अन्य से संबंधित सूचनाएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएँगी। अतः सभी विद्यार्थी व अभ्यास केंद्रों के संचालक नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होने वाली सूचनाओं को भली–भाँति देखें व समझ लें, तदनुसार ही उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होनेवाली नवीनतम सूचनाओं को अंतिम माना जाए।

- प्रत्येक पाठ्यक्रम में चयनित विद्यार्थी को संबंधित सत्र/वर्ष के सत्रीय/अनिवार्य कार्य जमा करने के बाद ही सत्रांत/वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।

## छात्रवृत्ति सुविधा :

दिव्यांग तथा आरक्षित वर्ग के छात्रों को भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का प्रावधान है। इस कोटि के विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु संबंधित राज्य के संबंधित विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार आवेदन करें। पूर्ण एवं विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में प्राप्त होने के पश्चात विभाग इस आवेदन पत्र को सत्यापित कर पुनः विद्यार्थी को प्रेषित करेगा, जिसे विद्यार्थी आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित राज्य के संबंधित विभाग में जमा कराएँगे। छात्रवृत्ति सुविधा की अधिक जानकारी राज्य का संबंधित विभाग/अभ्यास केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

## परामर्श कार्यक्रम :

अभ्यास केंद्र द्वारा विद्यार्थी को शिक्षा–प्रशिक्षण हेतु समय–समय पर व्यक्तिगत कक्षाएँ/परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जिससे कि :

- विद्यार्थियों में आवश्यक दक्षता एवं स्वस्थ प्रतियोगिता के गुण विकसित हों ।
- अभ्यास केंद्र द्वारा निश्चित दिनों के अध्ययन के दौरान विद्यार्थी अपनी शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान खोज सकें।
- पर्यवेक्षक द्वारा जाँचे गए निर्दिष्ट कार्यों, प्रयोगों, परियोजना कार्यों तथा सत्रीय कार्य प्राप्त कर सकें एवं अभ्यास केंद्र में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन कर सकें।
- अभ्यास केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थी की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो।
- विद्यार्थियों से आग्रह है कि वे अपनी क्षमता निर्माण हेतु सभी परामर्श कार्यक्रमों में भाग लें। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस पाठ्यक्रम में इस कार्य के लिए निश्चित अवधि तय की गई है।

## परामर्श और परीक्षा केंद्र :

यह आवश्यक नहीं है कि जहाँ विद्यार्थी ने परामर्श या प्रायोगिक घटकों का अध्ययन किया है, वहीं प्रायोगिक/सत्रांत परीक्षा का भी आयोजन हो। नियमित परामर्श सत्रों को विद्यार्थी सहायता केंद्रों में संचालित किया जाएगा।

## विद्यार्थी के नाम/उपनाम में सुधार परिवर्तन :

विद्यार्थी को प्रवेश पत्र पर अपना सही नाम, जो कि उसके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र पर अंकित है, ही लिखना है। यदि विद्यार्थी के नाम/उपनाम उसके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र पर अंकित नाम से अलग है तो उसे इसका वैध साक्ष्य भी संलग्न करना होगा। नाम/उपनाम में परिवर्तन हेतु प्रवेश की पुष्टि होते ही विद्यार्थी–पंजीकरण–प्रभाग को भेजने के लिए निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा –

1. दैनिक समाचार पत्र में नाम परिवर्तन की अधिसूचना की मूल प्रति।
2. नाम के परिवर्तन के संबंध में उचित मूल्य के स्टैंप पेपर पर पहली श्रेणी के मैजिस्ट्रेट के सामने ली गई शपथ का मूल शपथ पत्र।
3. शादी का कार्ड, शादी का प्रमाण पत्र, यदि किसी महिला विद्यार्थी के उपनाम में परिवर्तन है।
4. नाम/उपनाम में परिवर्तन को प्रदर्शित करती हुई राजपत्र में जारी की गई अधिसूचना की मूलप्रति। इस हेतु वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि के पक्ष में तथा वर्धा में देय ₹ 400/- का माँगपत्र जमा करना होगा। नाम/उपनाम में सुधार और/या परिवर्तन हेतु प्रार्थना, पाठ्यक्रम के समाप्त होने से पहले ही स्वीकार्य होगी।

## पता परिवर्तन/सुधार* :

पता परिवर्तन हेतु संबंधित अभ्यास केंद्र के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार्य होगा। यह सामान्यतया 4–6 हफ्तों मे होता है। इसलिए इस अवधि के दौरान विद्यार्थी अपने पत्रों को नए पते पर प्राप्त करने का प्रबंध स्वयं करें।

## अन्य जानकारी :

1. चूँकि यह पाठ्यक्रम दूर शिक्षा प्रणाली से संचालित है, इसलिए यह उस नियमित/परंपरागत प्रक्रिया द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा, जैसे आप अब तक पढ़ते आए हैं।
2. इस पाठ्यक्रम के लिए आपको स्वयं अध्ययन करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ई–सामग्री/मुद्रित अध्ययन सामग्री/संदर्भ ग्रंथों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी।
3. कृपया अपनी पाठ्य सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ें। इसे विशेष तौर पर स्वयं अध्ययन के लिए तैयार किया गया है। अपनी टिप्पणियाँ तैयार करें एवं उन खंडों को रेखांकित करें, जिसे आप ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। तत्पश्चात अध्ययन सामग्री में दिए गए निर्देशों के अनुसार उन्हें समझने का प्रयास करें।
4. आपके अभ्यास केंद्र द्वारा परामर्श सत्र आयोजित किए जाएँगे, जो आपकी समस्याओं/शंकाओं के समाधान हेतु होंगे।
5. परामर्श कार्यक्रमों में आप अपनी शंकाओं का समाधान कर सकते हैं। निर्देशन के लिए आग्रह कर सकते हैं।
6. आपके अभ्यास केंद्र द्वारा आपके लिए प्रायोगिक परामर्श कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जहाँ आप अपने विषय के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।
7. कृपया अभ्यास केंद्र में आपके लिए तैयार किए गए पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं का प्रयोग उपलब्धता के आधार पर अवश्य करें।
8. आपके प्रायोगिक विषयों का आंतरिक मूल्यांकन आपके अभ्यास केंद्र पर किया जाएगा।
9. अपने अभ्यास केंद्र से ही अपनी परीक्षा तिथियों का विवरण, परिचय पत्र तथा परीक्षा प्रवेश पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं।
10. परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत आपका प्रमाण पत्र तथा परीक्षा परिणाम आपके अभ्यास केंद्र पर ही भेज दिया जाएगा।
11. परीक्षा तिथियों, परीक्षा परिणामों, प्रवेश पत्र इत्यादि से संबंधित जानकारी आप विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।
12. वार्षिक सत्रीय कार्य/परियोजना कार्य/लघु शोध निबंध की वैधता सत्रीय कार्य के अपलोड होने से एक वर्ष तक होगी। उसके बाद प्राप्त सत्रीय कार्यों के मूल्यांकन के अंकों को अगली परीक्षा में शामिल किया जाएगा।

## सत्रांत परीक्षा :

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए | : | 100 अंक |
| सत्रांत मूल्यांकन | : | प्रत्येक प्रश्नपत्र के सैद्धांतिक/प्रायोगिक कार्य के लिए 70 अंक निर्धारित है। |
| आंतरिक मूल्यांकन | : | निर्दिष्ट कार्यों के लिए आंतरिक मूल्यांकन में 30 अंक निर्धारित हैं। सभी निर्दिष्ट कार्य प्रत्येक विद्यार्थी को समय से जमा करना अनिवार्य है। |

विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम उसके सभी सत्रों के अंकों तथा प्रस्तुति इत्यादि को जोड़कर प्रकाशित किया जाएगा।

## पुनर्गणना* :

पुनर्गणना का अर्थ सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं में दिए गए अंकों की पुनर्गणना है। इसमें यह भी देखा जाएगा कि उत्तर पुस्तिका का कोई अंश बिना मूल्यांकित हुए छूट तो नहीं गया है। परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर इस हेतु आवेदन करना होगा तथा हर प्रश्न पत्र के लिए वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि, वर्धा के पक्ष में वर्धा देय ₹200/- का माँगपत्र आवेदन के साथ जमा करना होगा। पुनर्गणना की अवधि सामान्यतः आवेदन करने की अंतिम तिथि से एक माह होगी। अगर पुनर्गणना में

कोई परिवर्तन होता है, तो विश्वविद्यालय अधिक अंक को ही मान्यता देगा। नई अंक सूची बिना किसी शुल्क के विद्यार्थी को प्रदान की जाएगी।

## यदि आप शुल्क जमा नहीं करते/करती हैं :

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी भी प्रकार के शुल्क नियमानुसार समय पर जमा न करने की स्थिति में विद्यार्थी द्वारा किसी विशिष्ट कार्य हेतु किए गए अनुरोध पर कार्यवाही नहीं की जाएगी। अतः विद्यार्थी एवं अभ्यास केंद्र इस पर गंभीरता से ध्यान दें।

## श्रेणी सुधार * :

किसी भी पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो अपने पूर्व के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के इच्छुक हों, वे अलग से परीक्षा शुल्क जमा करके पुनः आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रमाण पत्र / डिग्री / डिप्लोमा निर्गत होने के पश्चात श्रेणी–सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी श्रेणी–शुल्क ₹500 अतिरिक्त प्रति प्रश्नपत्र ₹300 जमा कर सकते हैं। यह अवसर मात्र एक बार दिया जाएगा। इस परीक्षा में यदि प्राप्तांकों में कोई परिवर्तन होता है तो विश्वविद्यालय अधिक प्राप्तांकों को ही मान्यता देगा।

## डिप्लोमा/डिग्री की प्रतिलिपि :

प्रत्येक प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन आवश्यक दस्तावेज सहित ₹500 के माँगपत्र के साथ पूर्व प्रक्रिया की भाँति भेजें।

## नियमों में संशोधन :

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की अकादमिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यकता पड़ने पर किसी भी पाठ्यक्रमों के पाठ्य विवरण में संशोधन या इससे जुड़े शुल्क विवरण में परिवर्तन, परिवर्धन, संशोधन, अद्यतन, किसी नियम में कुछ शामिल करने अथवा कमी करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। यह संशोधन वर्तमान में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट विद्यार्थियों के अलावा पूर्व में प्रवेशित छात्रों पर भी लागू होगा।

## पुनः पंजीकरण* :

जो विद्यार्थी स्वीकृत अधिकतम अवधि के भीतर अपना पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाते हैं, वे निम्नलिखित प्रकार से निर्धारित अवधि से आगे पुनः पंजीकरण करा सकते हैं–

- पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन निर्धारित तिथि तक अभ्यास केंद्र या मुख्यालय, वर्धा को भेजें। पुनः पंजीकरण के लिए विद्यार्थी को अपूर्ण पाठ्यक्रम का पूर्ण शुल्क जमा करना होगा।
- यह सुविधा वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए मान्य होगी।
- पाठ्य विवरण में परिवर्तन की स्थिति में यह सुविधा नहीं दी जाएगी ।

## क्षेत्राधिकार :

विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय के समस्त अकादमिक कार्यक्रमों एवं परीक्षा / वित्तीय / प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़े विवादों का क्षेत्राधिकार मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ (महाराष्ट्र) होगा।

* प्रारूप के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।

## सामान्य एवं प्रबंधन

**ASSAM**

1. Asom Rashtra Bhasha Prachar Samiti Sewa Mandir Path, Rupnagar Dist.-Kamrup, Assam-781032 Mob. No. 09435340285 / 03612463394

**BIHAR**

2. Bihar Acupressure Yoga College (BAYC Institute), Gandhi Setu Link Path, East of Biscoman Colony Golamber, Dist.- Patna - 800007 State-Bihar, Ph. No. 0612-2311997/9572607696
3. 185-B, S.K. Puri, Boring Road, Patna-800001, Bihar, Mob. No. 09386897634
4. Baba Vishwanath Kedarnath Vimala College, At & Post - Rampur Dudhpura Dist.- Samastipur, State - Bihar - 848101, Mob. No. 9308522455/7280023000
5. Dr. Zakir Husain Institute, Bailey Road, Hartali More Dist.-Patna, State-Bihar-800001, Mob. No. 09835020036
6. Nagendra Jha Mahila Mahavidyalaya Laheriasarai, Po. D.M.C. Dist.-Darbhanga State-Bihar-846003, Mob. No. 9430281697/06272-233657
7. Chanakya Institute of IT & Management (Unit of Chanakya Educational Trust) Near V.K.S. University, Ara, Katira Ara Dist.-Bhojpur Bihar -802301 Mob. No. 09939888032, 08877293618

**CHHATISGARH**

8. Dr. C.V. Raman University, Kargi Road, Kota, Dist.-Bilaspur State CG- 495113, Ph. No. 07753-253801
9. Shri Sai Baba Aadarsh Mahavidyalaya Banaras Road, Digma, Ambikapur Dist.-Surguja State-CG-497001, Mob. No.-09329532508/9926513170"
10. Shail Devi Mahavidyalaya Plot No. - 763, Vill.-Anda Dist.-Durg, CG-491221, Mob. No. 09993794359/0788-2982050
11. Indian College, Raipur Road, Belsonda, Dist.-Mahasamund State-CG-493445 Mob. 07587145303"

**HARYANA**

12. Shri Parshu Ram Senior Secondary School, V.P.O. Gangoli The. Safidon, Dist.- Jind State-Haryana-126113 Mob. No. 9215178365
13. Misri Devi Rehabilitation Centre, 1/441, Gali No. 9, Line Par, Vikas Nagar, Bahadurgarh-124507, Dist.-Jhajjar (Haryana) Mob. No. 9416228590/8053361084

**JHARKHAND**

14. Dr. Zakir Husain Institute, Line Tank Road, Near Hotel Lelac Dist.-Ranchi State-Jharkhand-834001 Mob. No. 9835022869
15. Gurukul, Court Road, Opp. S.P. Office B. Deoghar (Jharkhand) Dist.-Deoghar State-Jharkhand, Mob. No. 09835270575
16. Dr. Zakir Husain Institute, Chandra Centre, Near Sagar Restaurant, Sakchi, Dist.-Jamshedpur State-Jharkhand-834001, Mob. No. 09835026697

**KARNATAKA**

17. Nisarga National Rural & Agriculture Development, Shop # 9,10,11, 2nd Floor, Prabhu Complex, Vidyagiri Dist.-Dharwad State-Karnataka-580004, Mob.No.-09343882200/09886220038/0836-2465552

**MIZORAM**

18. Mizoram Hindi Training College, Durtlang North, Aizawl, Dist.-Aizawl State-Mizoram-796025, Mob. No.-9862647402

**MAHARASHTRA**

19. Shri Guru Govindsinghji Mahavidyalaya Zari, Vishnupuri Tah. Loha Dist.- Nanded - 431606, Maharashtra Mob. No. - 9527084777
20. Shri Guru Govind Singhji Patrakarita Mahavidyalaya, Opp.SBI Bank, Old NCC Office,Malegaon Road, Taroda (Kh), Nanded- 431605 (Maharashtra) Mob. 9325365666, 02462-262266
21. Mahatma Jotiba Fule Magasvargiya Bahuuddheshiya Society Bramhapuri, Dist.-Chandrapur, State-MS-441206, Ph. No.- 8412997210 / 9503423009 / 07177-273131
22. Desai Social Foundation, 550, Mahat Plot, Near Patangrao Kadam Banglow, South Shivaji Nagar, Sangli, Dist.-Sangli-416416 Maharashtra , Mob. No. 9423267997
23. Pride Institute, At.Arag Tal - Miraj, Dist.-Sangli-416101 Maharashtra Mob. No. 9763686207
24. Shree Shivaji Arts, Comm. & Science College, Rajura, Asifabad Road, At.Po. & Tq.-Rajura Dist.-Chandrapur State-Maharashtra-442905, Mob. No. - 9890018253, 07173-222215
25. Fairyland College Of Science and Commerce and Management Near Ganesh Temple, Bhadrawati Dist-Chandrapur Maharashtra-442902, Mob. No. 9766853666, 07175-268333
26. Smt. Maniben M.P. Shah Women's College of Art's & Commerce, 338 R.A. Kidwai Road, Matunga Dist.-Mumbai-400019 MS, Mob. No.-09920929532 / 9821371828
27. Aniket Shikshan Sanstha Devidkirti Technical College, Wadsa, (Desaiganj) Tq-Wadsa Dist-Gadchiroli Mob. No. - 09923418853
28. Navuvak Magasvargiya Bahuuddheshiya Shikshan Sanstha, Tq.-Sakoli Dist.-Bhandara, Maharashtra-441809, Mob. No. - 09923418853/7588191758

29. Vincent Apostolic Degree College 48, Kukde Layout, Nagpur-440027 State - Maharashtra, Ph. No. 0712-2742759/6549876"
30. Central India Institute of Mass Communication, 3 Ashirwad Theater Complex, Great Nag Road, Nagpur - 440003, Ph. No. 0712-645228,6452299,2020600, 2756666"
31. Vijendra Kabra College of Social Work, Aurangabad, In Front Samajik Nyay Bhavan, Banjara Colony, Khokadpura, Dist.-Aurangabad-431001, State-Maharashtra
32. Late Santukrao Khomane College, Mamadevi Complex, Old Mastagad, Dist.- Jalna-431203 Maharashtra, Mob.No. 9850032135/965712222
33. National Arts, Commerce & Science College Bharadi, At.Post-Bharadi, Tq. Sillod, Dist.-Aurangabad State-Maharashtra-431112, Mob. No.- 9423193231, 0240-281282
34. Dr. Milind Yerne College of Law, At. PostKosara (Kondha) Tah.Pauni Dist.- Bhandara-441908, MS Mob. No. 9405249027/09405249025

**MADHYA PRADESH**

35. NICE Institute, 1501/A, Maruti Bhawan, Yadav Colony, Garha Road, Dist.-Jabalpur State-MP-482002 Ph. No. 0761-4070192 / 4068888, Mob. No. 8602229999 / 9300251500"
36. Prime Computer Education Nageshwar Road, Petlawad Road, Badnawar, Dist.-Dhar-454660 State-MP Ph. No. - 07295-232136 / 9893518183
37. Maya Devi Institute of Advance Education, Maya Devi Campus, Gram - Nagukhedi, Ujjain Road, Dist.- Dewas-455001 State-MP, Mob. No.-9826019190/07272-267286
38. Nea Computer Center, Pratap Colony, Behind Pratap Talkies, Dist.-Harda - 461331 State-MP, Mob. No. 9826816685 / 07577-223856
39. Himanshu Academy Ashta, 14, Gileti Kajipura, Dashara, Maidan Road, Ashta Dist.-Sehore State-MP-466116, Mob. No. 9893313417,9993183999/07560- 243701
40. Ambika Computers & Management Education, A.B. Road, Near Katthamill, Nohari, Dist.-Shivpuri (M.P.)-473551 Mob. No. 09425137120
41. Nalanda Institute For Computer and Vocational Training, 302, Juhi Plaza, 128 Kanchan Bag, Near Geeta Bhavan Square, Dist.-Indore - 452001 State-(MP) Mob. No. 09302105667
42. Gyandarshan Institute 121/2 Prakash Nagar Nagda Dist.-Ujjain State-MP-456335 Ph. No. 07366-241256, Mob. No. 9907536256
43. Shri Sai Mahavidyalaya, Main Road,Ward No. 11, Tah. Niwari Dist. - Tikamgad, MP, Mob. No. 09993313333
44. Janseva College of Education Prithvipur, Dist.-Tikamgarh, MP-472336, Mob. No. 09752749850 / 09111505439 / 07680-233054
45. Vision Computer Institute, 93, Main Road Shastri Nagar, Ratlam, MP Ph. No. 07412-408306/9827569877
46. Future Institute of Computer Science Near Petrol Pump, Amar Kantak Road, Anuppur, MP-484224, Mob. No. 9993461294/07659-222966
47. Smt. Savitridevi Institute of Computer Science Fawarka Chowk, Above Narmada Malwa Bank, Dist.-Burhanpur MP-450331, Mob. No. 09907019006,09039253316"
48. Faith Computer, 709, Gayatri Chhaya Building, West Ghamapur, Jabalpur, MP-482002 Mob. No. 9926304433/9806279279/ 0761-2628192
49. SCOPE Group of Institution SCOPE Campus, NH-12, Near Misrod, Hoshangabad Road, Dist.-Bhopal State-MP-462047 Ph. No. 0755- 2432909
50. Chitransh ADPG College Sector-A, Kasturba Nagar, Near Lake City Hospital, Dist.-Bhopal State-MP-462024, Ph. No. 0755-2600986/09993529404
51. Gyanodaya Institute of Computer & Management Education, Near SBI Behind Compound & Sharma Fules, Beside Old Maleria Office Civil Line, Dist.-Mandla State-MP-481661, Ph. No. 07642-251772 Mob. No. 9993367380
52. P.B.G.M. College, Near Bhopal Memorial Hospital, Karond, Dist.-Bhopal State-MP-462038, Ph. No. 0755-2970261/9425371820
53. Mangalam Social Welfare Society, A-15 Green Avenue Colony, Satai Road, Dist.- Chhatarpur, MP - 471001, Mob. No. 9425813678
54. Late shri Balbeer Singh Gautam Shiksha Prasar Avam Jankalyan Samiti, Satai Road, Pitra Chhaya Sadan, Dist.-Chhatarpur, MP - 471001, Ph. No. - 07682-241716/ Mob. No. 9993313333
55. Darshti The Vision Education And Rural Development, City Office, Parmar Meternity & Nursing Home, Near Ratan Place, Old Panna Naka, Dist.- Chhatarpur, MP - 471315, Mob. No. 9993551515
56. AISECT University, Village-Mendua, Post-Bhojpur, Bhopal-Chiklod Road, Dist.-Raisen State-MP- 464993, Ph. No. 0755-6766100 Mob. No. 9827012761
57. Gyan Shiksha Mahavidyalaya, Amrit Bhavan Indore and Mandu Road Dist.-Dhar, MP 454001, Mob. No. 9826545082

**PUNJAB**

58. Shree Satya Sai B.Ed. College VPO Karaiwala, The. Gidderbaha (Dist Sri Muktsar Sahib) Dist.-Muktsar State-Punjab-152112 Mob. No. - 09915044295
59. Sidana Institute of Education Khiala Khurd, Ram Tirath Amritsar, Punjab - 143109, Mob. No. - 09988461002 / 09888891002
60. Kanya Mahavidyalaya, Vidyalaya Marg, Dist.-Jalandhar State-Punjab -144004 Ph. No. 9872604779/9417522232

**RAJASTHAN**

61. Siddheshwar Vinayak P.G. Arts College, Salumber Road, Dhariyawad, Dist.-Pratapgarh-313001 State-Rajasthan, Ph. No. 9928633855 / 9414353154

62. Rajasthan Gramothan & Sanskrit Anusandhan Sansthan, Shahpura, Baba Shyam Colony, Dist.-Jaipur, State-Rajasthan-303103, Mob. No. 09928305028
63. Mahrshi Walmiki College Joulana Teh.-Garhi, Dist.-Banswara State-Raj-327024 Mob. No. 09413272735
64. Aishwarya College of Education, Naya Gaon Road, Dist-Pali State-Rahasthan-306401 Ph. No. 0291-2760175 / 9828033916
65. Aishwarya College of Education, A-9, Extension-I, Kamla Nehru Nagar, Dist.- Jodhpur State-Rahasthan-342008 Ph. No. 0291-2760175 / 9828033916
66. Visvesvaraya Community College Tulsi Niketan, Sector-4, Main Road, Hiran Magri, Dist.-Udaipur State-Rajasthan-313002 Mob. No. 9829242332 / 9352900376

**TELANGANA**

67. Way School Of Management & Sciences 203, Concorde Apts, 6-3-658, Somajiguda, Hyderabad, State-Telangana-500082 Mob., No. 09985177707 / 09704523524 / 9849036023
68. Vivekananda College of Education, Sy No. 96, Gollapally(V), Chevella (M), R.R. Dist. T.S.-501503 Mob. No. - 09701872405

**UTTAR PRADESH**

69. Mishra Bandhu Mahavidyalaya, Belauhi, Lalpur Dist-Maharajganj State-UP Mob. No. - 09415282070, 08052110011
70. Jahangirbad Educational Trust Group of Institutions, Jahangirbad Fort, Jahangirbad Dist.-Barabanki, UP-225203 Mob. No. 7054476632 / 05248320800 / 995559490 / 9935-559490
71. Gyan Bharti Mahavidyalaya, P.O. Ragarganj Dist.-Kushinagar State-UP, Mob. No.- 09936450771 / 9936950771
72. Sheffield Business School Sector 21, 200 Indira Nagar, Dist.-Lucknow, UP-226016, Mob. No. 09935485740 / 05222716668
73. Smt Kesha Devi Mahila P.G. College, Vill+Po.-Pakaribirbhadra, Dist.-Deoria State-UP Mob. - 09919619702
1. कक्षा 10 वीं की अंकसूची तथा प्रमाणपत्र (दोनों)
2. कक्षा 12 वीं की अंकसूची
3. डीएड/समकक्ष (बीएड के लिए अनिवार्य)
4. स्नातक की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र/डिग्री/अंतिम प्रमाणपत्र (स्नातकोत्तर विषयों के लिए अनिवार्य)
5. अद्यतन अनुभव/सेवा प्रमाणपत्र (जहाँ लागू है।) बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शिक्षणाधिकारी द्वारा जारी सेवारत प्रमाणपत्र अनिवार्य है।
6. स्थायी पता का प्रमाण
7. जाति प्रमाण पत्र (OBC-NCL/SC/ST/EWS)
8. आधार कार्ड

विधिवत एवं पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज़ के साथ निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें –

निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, पो. हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र) – 442 001

**अपूर्ण एवं अपाठ्य आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास है।**

## पात्रता एवं प्रवेश

1. प्रत्येक पाठ्यक्रम में विद्यार्थी की निश्चित संख्या या लक्षित समूह की संख्या के निर्धारण का अधिकार विश्वविद्यालय का है, साथ ही यह संख्या पाठ्यक्रम की माँग व संचालित करने की क्षमता पर भी निर्भर होगी।
2. लक्षित समूह में नव–स्नातक विद्यार्थी, नौकरीपेशा अभ्यर्थी इत्यादि शामिल हैं।

3. प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश निर्धारित 'प्रवेश–पात्रता' के आधार पर ही होगा, जैसा कि विद्यार्थी मार्गदर्शिका में निर्देशित है।
4. सभी पाठ्यक्रमों का माध्यम हिंदी है।
5. स्नातक परीक्षा परिणाम हेतु प्रतीक्षारत विद्यार्थी भी आवेदन कर सकता है।
6. DEC / अधिसूचना / 40.5.1.5 / 2012, दि. 01.11.2012 के अनुसार विद्यार्थी किसी भी विश्वविद्यालय / संस्थान से एक साथ दो स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्र नहीं है। अधिक जानकारी के लिए उक्त अधिसूचना संज्ञान में लें।

## परीक्षा केंद्र

अभ्यास केंद्र ही परीक्षा केंद्र हो यह अनिवार्य नहीं है। समस्त पाठ्यक्रमों की सत्रांत / वार्षिक परीक्षाएँ नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा चयनित केंद्रों पर होंगी। विशेष परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में परिवर्तन का अधिकार विश्वविद्यालय का है।

परीक्षा केंद्रों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## परीक्षा-आवेदन

अभ्यास केंद्र संचालक ध्यान रखें कि विद्यार्थियों द्वारा स्वहस्ताक्षरित परीक्षा आवेदन–प्रपत्र स्पष्ट और पूर्ण रूप से भरा हो यथा–परीक्षा केंद्र का नाम, पंजीयन संख्या / नामांकन संख्या, परीक्षार्थी का नाम (हिंदी व अंग्रेज़ी में), माता–पिता का नाम (हिंदी व अंग्रेज़ी में), पाठ्यक्रम का नाम एवं कोड, जन्मतिथि, प्रश्न पत्र का नाम व कोड, यदि पूरक है तो पूरक वाले कॉलम में ही अंकित है या नहीं, उपस्थिति–पत्रक एवं प्रवेश–पत्र भी पूर्ण रूप से भरा है या नहीं। अपूर्ण परीक्षा आवेदन–प्रपत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा एवं बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा। इसका सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

## मूल्यांकन एवं परिणाम

दूर शिक्षा निदेशालय विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु आंतरिक एवं सत्रांत मूल्यांकन पद्धति को अपनाता है। इसमें कुल पूर्णांकों में से 30 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन / संपर्क कक्षाओं तथा शेष 70 प्रतिशत सत्रांत मूल्यांकन का होगा। सत्रांत मूल्यांकन में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। जो विद्यार्थी दोनों पूर्णांकों (100) में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करेगा, वही उत्तीर्ण माना जाएगा। 40 प्रतिशत प्राप्तांक लाने में असफल विद्यार्थी को अगली सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित शुल्क ₹300/- प्रति प्रश्नपत्र जमा करना होगा। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं होने पर अगले सत्र में सत्रीय कार्य पुनः जमा करने हेतु निर्धारित शुल्क ₹250/- जमा करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के निशुल्क दूर भाष क्रमांक 18002331575 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चयन-सूचना

चयनित विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org/distance पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थी दूर शिक्षा के कार्यालय एवं संबंधित अभ्यास केंद्र से संपर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकता है।

प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कराने के बाद ही उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा एवं नामांकन संख्या प्रदान की जाएगी। यह संख्या उनके परिचय–पत्र पर अंकित की जाएगी, जो पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि तक मान्य होगी। नामांकन हेतु प्रपत्र विद्यार्थी द्वारा चयनित अभ्यास–केंद्र से प्राप्त होगा। विद्यार्थी द्वारा भरा हुआ नामांकन प्रपत्र चयनित अध्ययन–केंद्र द्वारा अग्रेषित होना आवश्यक है।

## नामांकन प्रक्रिया

1. अभ्यर्थी अर्हता संबंधी दस्तावेज़ को स्वयं प्रमाणित करेगा तथा अपने अभ्यास केंद्र का चुनाव भी सुविधानुसार करेगा।
2. अभ्यर्थी पूर्णरूप से भरा आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं आवश्यक शुल्क के साथ चयनित अभ्यास केंद्र में निर्धारित तिथि के भीतर विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने हेतु जमा कराएगा।
3. चयनित अभ्यर्थी को एक स्थाई पंजीयन संख्या एवं अभ्यास केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यास केंद्र में आवंटित अभ्यर्थी की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट, दूर शिक्षा निदेशालय, क्षेत्रीय केंद्रों एवं संबंधित अभ्यास केंद्र में उपलब्ध होगी।
4. किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को आवंटित अभ्यास केंद्र को बदला नहीं जाएगा। सामान्यतः विश्वविद्यालय अभ्यर्थी को आवंटित अभ्यास केंद्र को अगले वर्ष भी जारी रखेगा, लेकिन असामान्य परिस्थिति में विश्वविद्यालय किसी अभ्यर्थी का आवंटित अभ्यास केंद्र बदल भी सकता है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय अभ्यर्थी एवं अभ्यास केंद्र की किसी शिकायत की सुनवाई नहीं करेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

## विद्यार्थी सहायता केंद्र

वांछित अभ्यास–केंद्र का चयन विद्यार्थी द्वारा किया जाएगा। उसी के अनुसार अभ्यास–केंद्र निर्धारित किया जाएगा। किन्हीं कारणों से वांछित केंद्र का निर्धारण संभव नहीं होगा तो विद्यार्थी के गृह जनपद के समीप का कोई अन्य अभ्यास–केंद्र, जहाँ विद्यार्थी द्वारा चयनित पाठ्यक्रम की सुविधा उपलब्ध हो, सुनिश्चित किया जाएगा। चयनित केंद्र–परिवर्तन की माँग सामान्यतः स्वीकार नहीं की जाएगी, किंतु विशेष परिस्थिति में किन्हीं औचित्यपूर्ण कारणों पर विचार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रार्थना–पत्र पूर्व में चयनित अभ्यास–केंद्र के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

## परिचय पत्र

निर्धारित शुल्क जमा होने के बाद विद्यार्थी को परिचय–पत्र जारी किया जाएगा। परिचय–पत्र में विद्यार्थी का नाम, पाठ्यक्रम का नाम, नामांकन संख्या आदि का उल्लेख किया जाएगा। किसी पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने की न्यूनतम/अधिकतम अवधि के दौरान परिचय पत्र खो जाने पर निर्धारित शुल्क देकर पुनः बनवाना अनिवार्य है। इसके लिए रु.100 का माँगपत्र जमा कराना होगा।

## पाठ्यक्रम सत्र

दूर शिक्षा निदेशालय सत्रीय/वार्षिक प्रणाली (Semester / Annual System) के आधार पर पाठ्यक्रम संचालित करेगा। हर विद्यार्थी को प्रदत्त अधिकतम अवधि के भीतर संबंधित पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करना होगा। इस अवधि में नामांकित वर्ष की भी गणना की जाएगी।

## पाठ्यसामग्री का वितरण

दूर शिक्षा प्रणाली में अध्ययन की व्यवस्था परंपरागत विश्वविद्यालयों से भिन्न है। इसमें शिक्षा 'विद्यार्थी केंद्रित' है और इसकी सफलता विद्यार्थी के सक्रिय सहयोग एवं स्वाध्याय पर निर्भर है। परंपरागत प्रणाली से विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त होती है। दूर शिक्षा प्रणाली में बहुआयामी व्यवस्था के माध्यम से कार्यक्रम की जानकारी विद्यार्थी को दी जाती है। इस हेतु विद्यार्थी को संबंधित अभ्यास/क्षेत्रीय केंद्र/विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, VMOU, कोटा, RTOU, इलाहाबाद द्वारा निर्मित उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण **ई-पाठ्यसामग्री अथवा मुद्रित उपलब्ध पाठ्यसामग्री प्रेषित की जाएगी। किसी पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री उपलब्ध न होने की स्थिति में संदर्भ ग्रंथों की सूची अथवा संबंधित पाठ्यक्रम का पाठ्यविवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा संबंधित सत्र हेतु उक्त का संदर्भ लेना अनिवार्य होगा।** इस संबंध में विश्वविद्यालय अभ्यर्थी एवं अभ्यास केंद्र की किसी शिकायत की सुनवाई नहीं करेगा।

## प्रायोगिक एवं परियोजना कार्य

प्रयोगात्मक कार्य अथवा परियोजना कार्य की व्यवस्था निर्धारित केंद्रों पर ही की जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी निर्धारित परीक्षा के पूर्व प्रयोगात्मक व परियोजना कार्य पूरा नहीं करता है, तो वह सत्रांत परीक्षा के लिए अर्ह नहीं होगा और अगली परीक्षा के प्रयोगात्मक कार्य के लिए निर्धारित शुल्क रु. 250 प्रति प्रश्नपत्र अलग से पुनः जमा करना होगा।

## सामान्य जानकारी

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद कागज़ी प्रति (हार्ड कॉपी) एक सप्ताह के भीतर चयनित अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध करानी अनिवार्य है।

आवेदन–पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट या विद्यार्थी मार्गदर्शिका में दिए गए दिशा–निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।

- प्रवेश–आवेदन के साथ संलग्न होने वाले समस्त दस्तावेज़ स्वप्रमाणित हों। अपूर्ण, असत्यापित, अस्पष्ट, पूर्ण शैक्षिक एवं आवश्यक अर्हता न रखने वाले आवेदनों को बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।
- क्रेडिट स्थानांतरण के अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी इस हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकता है। आवेदन में क्रेडिट स्थानांतरण का उल्लेख तथा उत्तीर्ण किए गए संबंधित पाठ्यक्रम की अंकतालिका तथा विषय संबंधी पाठ्य विवरण संलग्न करना अनिवार्य है।
- संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान की 10+2+3 शैक्षिक पद्धति ही स्वीकार्य है।
- आवश्यक दस्तावेज़ डाउनलोड करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org/distance पर लॉग ऑन करें। कोई भी नवीनतम/सामयिक/आधुनिकतम सूचना /दस्तावेज़ डाउनलोड करने से पूर्व संबंधित कड़ी (Link) को एक बार रिफ्रेश (Refresh) अवश्य करें। आवश्यकता पड़ने पर निदेशालय से निःशुल्क दूरभाष 18002331575 पर (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक) संपर्क किया जा सकता है।
- विद्यार्थियों/पाठ्यक्रमों/परीक्षाओं/अन्य से संबंधित सूचनाएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः सभी विद्यार्थी व अभ्यास केंद्रों के संचालक नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होने वाली सूचनाओं को भली–भाँति देखें व समझ लें, तदनुसार ही उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से सूचना देना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होनेवाली नवीनतम सूचनाओं को अंतिम माना जाए।
- **प्रत्येक पाठ्यक्रम में चयनित विद्यार्थी को संबंधित सत्र/वर्ष के सत्रीय/अनिवार्य कार्य जमा करने के बाद ही सत्रांत/वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।**

## छात्रवृत्ति सुविधा

दिव्यांग तथा आरक्षित वर्ग के छात्रों को भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का प्रावधान है। इस कोटि के विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु संबंधित राज्य के संबंधित विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार आवेदन करें। पूर्ण एवं विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में प्राप्त होने के पश्चात विभाग इस आवेदन पत्र को सत्यापित कर पुनः विद्यार्थी को प्रेषित करेगा, जिसे विद्यार्थी आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित राज्य के संबंधित विभाग में जमा कराएँगे। छात्रवृत्ति सुविधा की अधिक जानकारी राज्य के संबंधित विभाग/अभ्यास केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

## परामर्श कार्यक्रम

अभ्यास केंद्र द्वारा विद्यार्थी के शिक्षा–प्रशिक्षण हेतु समय–समय पर व्यक्तिगत कक्षाएँ/परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जिससे कि :

- विद्यार्थियों में आवश्यक दक्षता एवं स्वस्थ प्रतियोगिता के गुण विकसित हों ।

- अभ्यास केंद्र द्वारा निश्चित दिनों के अध्ययन के दौरान विद्यार्थी अपनी शंकाओं एवं समस्या का समाधान खोज सकें।
- पर्यवेक्षक द्वारा जाँचे गए निर्दिष्ट कार्यों, प्रयोगों, परियोजना कार्यों तथा सत्रीय कार्यों को प्राप्त कर सकें एवं अभ्यास केंद्र में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन कर सकें।
- अभ्यास केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थी की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो।

विद्यार्थियों से आग्रह है कि वे अपनी क्षमता निर्माण हेतु सभी परामर्श कार्यक्रमों में भाग लें। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस पाठ्यक्रम में इस कार्य के लिए निश्चित अवधि तय की गई है।

## परामर्श और परीक्षा केंद्र

यह आवश्यक नहीं है कि जहाँ विद्यार्थी ने परामर्श या प्रायोगिक घटकों का अध्ययन किया है, वहीं प्रायोगिक/सत्रांत परीक्षा का भी आयोजन हो। नियमित परामर्श सत्रों को विद्यार्थी सहायता केंद्रों में संचालित किया जाएगा।

## विद्यार्थी के नाम/उपनाम में सुधार परिवर्तन

विद्यार्थी को प्रवेश पत्र पर अपना सही नाम, जो कि उसके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र पर अंकित है, ही लिखना है। यदि विद्यार्थी का नाम/उपनाम उसके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र पर अंकित नाम से अलग है तो उसे इसका वैध साक्ष्य भी संलग्न करना होगा। नाम/उपनाम में परिवर्तन हेतु प्रवेश की पुष्टि होते ही विद्यार्थी–पंजीकरण–प्रभाग को भेजने के लिए निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा –

1. दैनिक समाचार पत्र में नाम परिवर्तन की अधिसूचना की मूल प्रति।
2. नाम के परिवर्तन के संबंध में उचित मूल्य के स्टैंप पेपर पर पहली श्रेणी के मैजिस्ट्रेट के सामने ली गई शपथ का मूल शपथ पत्र।
3. शादी का कार्ड, शादी का प्रमाण पत्र, यदि किसी महिला विद्यार्थी के उपनाम में परिवर्तन है।
4. नाम/उपनाम में परिवर्तन को प्रदर्शित करती हुई राजपत्र में जारी की गई अधिसूचना की मूलप्रति। इस हेतु वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि के पक्ष में तथा वर्धा में देय ₹400/- का माँगपत्र जमा करना होगा। नाम/उपनाम में सुधार या परिवर्तन हेतु प्रार्थना, पाठ्यक्रम के समाप्त होने से पहले ही स्वीकार्य होगी।

## पता परिवर्तन/सुधार*

पता परिवर्तन हेतु संबंधित अभ्यास केंद्र के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार्य होगा। यह सामान्यतया 4–6 हफ्तों मे होता है। इसलिए इस अवधि के दौरान विद्यार्थी अपने पत्रों को नए पते पर प्राप्त करने का प्रबंध स्वयं करें।

## अन्य जानकारी

1. चूँकि यह पाठ्यक्रम दूर शिक्षा प्रणाली से संचालित है, इसलिए यह उस नियमित/परंपरागत प्रक्रिया द्वारा संचालित नहीं किया जाएगा, जैसे आप अब तक पढ़ते आए हैं।
2. इस पाठ्यक्रम के लिए आपको स्वयं अध्ययन करना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ई–सामग्री/मुद्रित अध्ययन सामग्री/संदर्भ ग्रंथों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी।
3. कृपया अपनी पाठ्य सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ें। इसे विशेष तौर पर स्वयं अध्ययन के लिए तैयार किया गया है। अपनी टिप्पणियाँ तैयार करें एवं उन खंडों को रेखांकित करें, जिसे आप ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। तत्पश्चात अध्ययन सामग्री में दिए गए निर्देशों के अनुसार उन्हें समझने का प्रयास करें।
4. आपके अभ्यास केंद्र द्वारा परामर्श सत्र आयोजित किए जाएँगे, जो आपकी समस्याओं/शंकाओं के समाधान हेतु होंगे।

5. परामर्श कार्यक्रमों में आप अपनी शंकाओं का समाधान कर सकते हैं। निर्देशन के लिए आग्रह कर सकते हैं।
6. आपके अभ्यास केंद्र द्वारा आपके लिए प्रायोगिक परामर्श कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जहाँ आप अपने विषय के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।
7. कृपया अभ्यास केंद्र में आपके लिए तैयार किए गए पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं का प्रयोग उपलब्धता के आधार पर अवश्य करें।
8. आपके प्रायोगिक विषयों का आंतरिक मूल्यांकन आपके अभ्यास केंद्र पर किया जाएगा।
9. अपने अभ्यास केंद्र से ही अपनी परीक्षा तिथियों का विवरण, परिचय पत्र तथा परीक्षा प्रवेश पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं।
10. परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत आपका प्रमाण पत्र तथा परीक्षा परिणाम आपके अभ्यास केंद्र पर ही भेज दिया जाएगा।
11. परीक्षा तिथियों, परीक्षा परिणामों, प्रवेश पत्र इत्यादि से संबंधित जानकारी आप विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।
12. वार्षिक सत्रीय कार्य/परियोजना कार्य/लघु शोध निबंध की वैधता सत्रीय कार्य के अपलोड होने से एक वर्ष तक होगी। उसके बाद प्राप्त सत्रीय कार्यों के मूल्यांकन के अंकों को अगली परीक्षा में शामिल किया जाएगा।

## सत्रांत परीक्षा

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए | : | 100 अंक (क्षेत्रकार्य/परियोजना कार्य/प्रायोगिक कार्य के अंक पाठ्यक्रम की आवश्यकता अनुसार निर्धारित होंगे।) |
| सत्रांत मूल्यांकन | : | प्रत्येक प्रश्नपत्र के सैद्धांतिक/प्रायोगिक कार्य के लिए 70 अंक निर्धारित हैं। |
| आंतरिक मूल्यांकन | : | निर्दिष्ट कार्यों के लिए आंतरिक मूल्यांकन में 30 अंक निर्धारित हैं। सभी निर्दिष्ट कार्य प्रत्येक विद्यार्थी को समय से जमा करना अनिवार्य है। |

विद्यार्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम उसके सभी सत्रों के अंकों तथा प्रस्तुति इत्यादि को जोड़कर प्रकाशित किया जाएगा।

## पुनर्गणना*

पुनर्गणना का अर्थ सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं में दिए गए अंकों की पुनर्गणना है। इसमें यह भी देखा जाएगा कि उत्तर पुस्तिका का कोई अंश बिना मूल्यांकित हुए छूट तो नहीं गया है। परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर इस हेतु आवेदन करना होगा तथा हर प्रश्न पत्र के लिए वित्ताधिकारी, मगांअंहिंवि, वर्धा के पक्ष में वर्धा देय रु. 200/- का माँगपत्र आवेदन के साथ जमा करना होगा। पुनर्गणना की अवधि सामान्यतः आवेदन करने की अंतिम तिथि से एक माह होगी। अगर पुनर्गणना में कोई परिवर्तन होता है, तो विश्वविद्यालय अधिक अंक को ही मान्यता देगा। नई अंक सूची बिना किसी शुल्क के विद्यार्थी को प्रदान की जाएगी।

## यदि आप शुल्क जमा नहीं करते/करती हैं

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी भी प्रकार के शुल्क नियमानुसार समय पर जमा न करने की स्थिति में विद्यार्थी द्वारा किसी विशिष्ट कार्य हेतु किए गए अनुरोध पर कार्यवाही नहीं की जाएगी। अतः विद्यार्थी एवं अभ्यास केंद्र इस पर गंभीरता से ध्यान दें।

## श्रेणी सुधार *

किसी भी पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो अपने पूर्व के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के इच्छुक हों, वे अलग से परीक्षा शुल्क जमा करके पुनः आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रमाण पत्र/डिग्री/डिप्लोमा निर्गत होने के पश्चात श्रेणी–सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी श्रेणी–शुल्क रु. 500 अतिरिक्त प्रति प्रश्नपत्र रु. 300 जमा कर सकते हैं। यह अवसर मात्र एक बार दिया जाएगा। इस परीक्षा में यदि प्राप्तांकों में कोई परिवर्तन होता है तो विश्वविद्यालय अधिक प्राप्तांकों को ही मान्यता देगा।

## डिप्लोमा/डिग्री की प्रतिलिपि

प्रत्येक प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन आवश्यक दस्तावेज सहित रु. 500 के माँगपत्र के साथ पूर्व प्रक्रिया की भाँति भेजें।

## नियमों में संशोधन

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की अकादमिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यकता पड़ने पर किसी भी पाठ्यक्रम के शुल्क विवरण, पाठ्य विवरण में संशोधन परिवर्तन, परिवर्धन, अद्यतन, किसी नियम में कुछ शामिल करने अथवा कमी करने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। यह संशोधन वर्तमान में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट विद्यार्थियों के अलावा पूर्व में प्रवेशित छात्रों पर भी लागू होगा।

## पुनः पंजीकरण*

जो विद्यार्थी स्वीकृत अधिकतम अवधि के भीतर अपना पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाते हैं, वे निम्नलिखित प्रकार से निर्धारित अवधि से आगे पुनः पंजीकरण करा सकते हैं–

- पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन निर्धारित तिथि तक अभ्यास केंद्र या मुख्यालय, वर्धा को भेजें। पुनः पंजीकरण के लिए विद्यार्थी को अपूर्ण पाठ्यक्रम का पूर्ण शुल्क जमा करना होगा।
- यह सुविधा वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए मान्य होगी।
- पाठ्य विवरण में परिवर्तन की स्थिति में यह सुविधा नहीं दी जाएगी ।

## क्षेत्राधिकार

विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय के समस्त अकादमिक कार्यक्रमों एवं परीक्षा / वित्तीय / प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़े विवादों का क्षेत्राधिकार मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ (महाराष्ट्र) होगा।

* प्रारूप के लिए www.hindivishwa.org/distance देखें।

**■ क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज**
प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र कार्यालय
प्लॉट क्रमांक-06/आई-3
झूँसी योजना संख्या-03, झूँसी
प्रयागराज - 211019 (उ.प्र.)
संपर्क : 0532-2567442
ई-मेल mgahvalld@gmail.com

**■ क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता**
प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
ऐकतान, ईजेडसीसी, आईए-290, सेक्टर-3,
साल्ट लेक, कोलकाता - 700 091 (प.बं.)
संपर्क : 033-23350144

**■ विद्यार्थी सेवा केंद्र**
दूर शिक्षा निदेशालय में पंजीकृत की सहायता एवं पाठ्यक्रमों से संबंधित किसी भी सुझाव / शिकायत एवं जानकारी के लिए विद्यार्थी सेवा केंद्र के ई-मेल studentservicecentredde@gmail.com पर लिखा जा सकता है।

**■ अभ्यास केंद्र सहायता प्रकोष्ठ**
दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित समस्त पाठ्यक्रम तथा विद्यार्थियों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु ई-मेल studycentermgahv@gmail.com पर लिखा जा सकता है।




ज्ञान शांति मैत्री


# दूर शिक्षा निदेशालय

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

पोस्ट : हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र)-442 001

टोल फ्री : 1800 233 1575

E-mail : studentservicecentredde@gmail.com

Website : www.hindivishwa.org/distance

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

पोस्ट- हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र)- 442001

ई-मेल : ddemgahv@gmail.com,वेबसाइट : www.hindivishwa.org

टोल फ्री नं. 18002331575

## दूर शिक्षा निदेशालय

## प्रवेश सूचना : अकादमिक सत्र फरवरी मार्च, 2021

निम्नांकित हिंदी माध्यम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं-

**स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम :**

1. शिक्षा स्नातक (BEd)* 2. पत्रकारिता में स्नातक (BJ) 3. कला में स्नातक (BA) 4. व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA)* 5. समाजकार्य में स्नातकोत्तर (MSW) 6. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) 7. एम.ए. हिंदी (MAHD)

**स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम :**

01.इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर (PGDEM&FP) 02.पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC) 03.कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA) 04. सृजनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCWH) 05. अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDT) 06. नाटक और रंगमंच में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDD&T) 07. मीडिया लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDMW)

**डिप्लोमा पाठ्यक्रम :** 01.कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा (DCA)

**6 महीने का प्रमाणपत्र :** 01. नेतृत्व एवं प्रशासन में प्रमाणपत्र (CL&A)** 02. चीनी भाषा में प्रमाणपत्र (CCL)** 03. फ्रेंच भाषा में प्रमाणपत्र (CFL)** 04. जर्मनी भाषा में प्रमाणपत्र (CGL)** 05. जापानी भाषा में प्रमाणपत्र (CJL)** 06. स्पैनिश भाषा में प्रमाणपत्र (CSL)**

**3 महीने का प्रमाणपत्र :** गैर सरकारी संस्थाओं के निर्माण एवं प्रबंधन (D&MNGO)**

**नोट:- *यूजीसी डेब (UGC-DEB) से अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थगित हैं। अनुमोदनोपरांत प्रवेश की सूचना केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना जारी की जाएगी। ** केवल मुख्यालय से संचालित।**

**ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक 23 मार्च 2021 से 30 अप्रैल 2021 तक खुला रहेगा।**

अधिक जानकारी, शिक्षार्थी सहायता केंद्रों की सूची के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखी जा सकती है या टोल फ्री क्रमांक 18002331575 पर संपर्क किया जा सकता है।

**कुलसचिव**

Accredited 'A" Grade by NAAC

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

Gandhi Hills, Wardha-442 001 (Maharashtra) INDIA

**E-mail**: ddemgahv@gmail.com, **website**:www.hindivishwa.org,

Toll Free No. 18002331575

**Directorate of Distance Education**

**Admission Notice Academic session February-March-2021**

Applications are invited for admission to the following courses offered in Hindi Medium -

**Graduation& Post Graduation Courses:**1. Bachelor of Education (BEd)* 2. Bachelor of Journalism (BJ) 3. Bachelor of Art (BA) 4. Master of Business Administration (MBA)* 5. Master of Social Work (MSW) 6. Master of Journalism (MJ) 7. MA Hindi (MAHD)

**PG Diploma Courses:** 1. Journalism& Mass Communication (PGDJMC) 2. Electronic Media & Film Production (PGDEM&FP) 3. Post Graduate Diploma in Computer Applications (PGDCA) 4. Postgraduate Diploma in Creative Writing(PGDCWH) 5. Postgraduate Diploma in Translation Science(PGDT) 6. Postgraduate Diploma in Drama and Theater (PGDD&T) 7. Postgraduate Diploma in Media Writing (PGDMW)

**Diploma Courses**: 1. Diploma in Computer Applications(DCA)

**6 Month Certificate Courses :** 1. Certificate in Leadership and Administration (CL&A)** 2. Certificate in Chinese Language (CCL)** 3. Certificate in French Language (CFL)** 4. Certificate in German Language (CGL)** 5. Certificate in Japanese Language (CJL) 6. Certificate in Spanish Language (CSL)**

**3 Month Certificate Courses:** Development and Management of NGOs (D&MNGO)**

* is subject to approval from UGC-DEB. After approval, Information will be released separately only on the university website. ** Will be operated from Headquarters only.

**The link for the online application will remain open from 23 March 2021 to 30 April 2021.**

For list of Regional Centers/Learning Centers & further details, please visit our website of contact us at the Toll Free number 18002331575.

**Registrar**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
ज्ञान शांति मैत्री

प्रो. हरीश अरोड़ा
निदेशक : दूर शिक्षा निदेशालय
Prof. Harish Arora
Director: Directorate of Distance Education

दूर शिक्षा निदेशालय
Directorate of Distance Education

पत्रांक: 023/2020/प्र. सं./006 Vol-I/

दिनांक : 23/03/2021

## प्रवेश सूचना
## अकादमिक सत्र फरवरी-मार्च, 2021

निदेशालय द्वारा निम्नांकित हिंदी माध्यम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं -

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम :**

1 व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA)*
2 समाजकार्य में स्नातकोत्तर (MSW)
3 पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ)
4 एमए हिंदी (MAHD)

**स्नातक पाठ्यक्रम**

1 शिक्षा स्नातक (BEd)*
2 पत्रकारिता में स्नातक (BJ)
3 कला में स्नातक (BA)

**स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम**

1 कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA)
2 पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC)
3 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर (PGDEM&FP)
4 सृजनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCWH)
5 अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDT)
6 नाटक और रंगमंच में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDD&T)
7 मीडिया लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDMW)

**डिप्लोमा पाठ्यक्रम**

1 कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा (DCA)

**6 महीने का प्रमाणपत्र**

1 नेतृत्व एवं प्रशासन में प्रमाणपत्र (CL&A) **
2 चीनी भाषा में प्रमाणपत्र (CCL) **
3 फ्रेंच भाषा में प्रमाणपत्र (CFL) **
4 जर्मनी भाषा में प्रमाणपत्र (CGL) **
5 जपानी भाषा में प्रमाणपत्र (CJL) **
6 स्पैनिश भाषा में प्रमाणपत्र (CSL) **

**3 महीने का प्रमाणपत्र**

1 गैर सरकारी संस्थाओं के निर्माण एवं प्रबंधन (D&MNGO) **

नोट:- *** यूजीसी डेब (UGC-DEB) से अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थगित हैं। अनुमोदनोपरांत सूचना अलग से केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।**

**** केवल मुख्यालय से संचालित किए जाएंगे।**

**ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक 23 मार्च 2021 से 30 अप्रैल 2021 तक खुला रहेगा।**

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र-http://mgahvdde.samarth.edu.in पर उपलब्ध है। प्रवेश आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार्य है। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा होने के पश्चात मुद्रित प्रति आवश्यक संलग्नकों के साथ निर्धारित तिथि तक निदेशालय में जमा करना अनिवार्य है।

## प्रवेश पात्रता एवं शुल्क विवरण

| क्र. | पाठ्यक्रम | कोड | पात्रता | पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि | | शुल्क (₹ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | न्यूनतम | अधिकतम | |
| **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 1 | व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA)* | 001 | स्नातक (10+2+3) (GEN/ OBC-45% SC/ST/PH 40%) | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 14,500/-<br>द्वितीय वर्ष 14,250/- |
| 2 | समाजकार्य में स्नातकोत्तर (MSW) | 002 | स्नातक (10+2+3) | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 11,000/-<br>द्वितीय वर्ष 10,750-/ |
| 3 | पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) | 003 | पत्रकारिता में स्नातक (BJ) | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 12,250/- |
| 4 | एमए हिंदी (MAHD) | 010 | स्नातक (10+2+3) | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 7,000/-<br>द्वितीय वर्ष 6,750/- |
| **स्नातक पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 5 | शिक्षा स्नातक (BEd)* | 012 | 1. स्नातक (10+2+3) GEN-50%, OBC-NCL/SC/ST/PH- 45%)<br>2. प्रारंभिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक<br>3. वे अभ्यर्थी, जिन्होंने एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (Face to face mode) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया है। | 2 वर्ष | 5 वर्ष | प्रथम वर्ष 13,000/-<br>द्वितीय वर्ष 12,750/- |
| 6 | पत्रकारिता में स्नातक (BJ) | 007 | स्नातक (10+2+3) | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 7,750/- |
| 7 | कला में स्नातक (BA) | 017 | 10+2/ समकक्ष | 3 वर्ष | 6 वर्ष | प्रथम वर्ष 5,500/-<br>द्वितीय वर्ष 5,000/-<br>तृतीय वर्ष 5,250/- |
| **स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 8 | कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA) | 011 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 6,750/- |
| 9 | पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC) | 009 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 10 | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर (PGDEM&FP) | 008 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 7,550/- |
| 11 | सृजनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCWH) | 018 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDT) | 019 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 13 | नाटक और रंगमंच में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDD&T) | 020 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 14 | मीडिया लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDMW) | 021 | स्नातक (10+2+3)/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| **डिप्लोमा पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 15 | कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा (DCA) | 013 | 10+2/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 6,000/- |
| **6 महीने का प्रमाणपत्र** | | | | | | |
| 16 | नेतृत्व एवं प्रशासन में प्रमाणपत्र (CL&A)** | 022 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 17 | चीनी भाषा में प्रमाणपत्र (CCL)** | 023 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 18 | फ्रेंच भाषा में प्रमाणपत्र (CFL) ** | 024 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 19 | जर्मनी भाषा में प्रमाणपत्र (CGL) ** | 025 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 20 | जापानी भाषा में प्रमाणपत्र (CJL) ** | 026 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 21 | स्पैनिश भाषा में प्रमाणपत्र (CSL) ** | 027 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| **3 महीने का प्रमाणपत्र** | | | | | | |
| 22 | गैर सरकारी संस्थाओं के निर्माण एवं प्रबंधन (D&MNGO) ** | 028 | 10+2/ समकक्ष | 3 महीने | 6 महीने | 2,000/- |

नोट:- *** यूजीसी डेब (UGC-DEB) से अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थगित हैं। अनुमोदनोपरांत सूचना अलग से केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।**

**** केवल मुख्यालय से संचालित किए जाएंगे।**

अधिक जानकारी के लिए करमुक्त दूरभाष क्रमांक- 18002331575 पर संपर्क किया जा सकता है।

(निदेशक)

Home / Dashboard

## 2020-21

Manage Admission

LAUNCH

## 2021-22

Manage Admission

LAUNCH

## 2021-DDE

Manage Admission

LAUNCH

## 2021-JANUARY

Manage Admission

LAUNCH

## 2021-JULY

Manage Admission

LAUNCH

## 2022-DDE

Manage Admission

© Project Samarth - All Rights Reserved

Designed & Developed by

Initiative By MoE

## 2022-JANUARY

Manage Admission

LAUNCH

## 2022-JULY

Manage Admission

LAUNCH

## 2023-JANUARY

Manage Admission

LAUNCH

© Project Samarth - All Rights Reserved

Designed & Developed by


Initiative By MoE

Home / Applicants

# Applicants

Download

Showing **1-20** of **3,560** items.

| # | Form Number | Photo | Programme | Paid/Unpaid | Order Number | Transaction Number | Bank Transaction Number | Date of Payment | Name | Email | Mobile | Gender | Categor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Sele… | | | | | | | | | | |
| 1 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | Madhuri Maroti Khapate | madhurikhapate@gmail.com | 7709395246 | Female | General |
| 2 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | GOVIND PRASAD SWAMI | govind.rankawat.341@gmail.com | 8696577081 | Male | OBC |
| 3 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | Vibhuti Jain | vibsjain0211@gmail.com | 8076377704 | Female | General |
| 4 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | PUKH RAJ | pukhrajbishnoi02356@gmail.com | 9829719216 | Male | General |
| 5 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | SONU BAGHELA | sonubaghela1995@gmail.com | 8562898994 | Male | OBC-NCL |
| 6 | MGAHU22003555 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4787 | 111659932967 | 596901 | 2022-09-30 23:45:37 | RAJU YADAV | rakesh589856@GMAIL.COM | 9001094689 | Female | OBC-NCL |
| 7 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | | | | | | RATANI | rtn7568@gmail.com | 9772421974 | Female | General |
| 8 | MGAHU22003553 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4783 | 111659929715 | 227369506154 | 2022-09-30 23:42:39 | Sachin Rajkumar Sakolkar | sachin.sakolkar01@gmail.com | 9405060867 | Male | General |
| 9 | MGAHU22003552 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4769 | 111659907425 | 227313117042 | 2022-09-30 23:12:12 | NATHU LAL MEENA | nathulalmeenaa21@gmail.com | 6266614172 | Male | General |
| 10 | MGAHU22003551 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4775 | 111659915604 | IGAOJZIEC2 | 2022-09-30 23:22:00 | PRABHU LAL MEENA | prabhumeena381@gmail.com | 7742386602 | Male | ST |
| 11 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | × Transactions | | | | | Santosh Ganpatrao Shrirame | santoshgshrirames@gmail.com | 9834607916 | Male | ST |
| 12 | MGAHU22003549 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4786 | 111659932900 | 227369514071 | 2022-09-30 23:47:14 | PRAMOD KUMAR YADAV | Pramodnjf10@gmail.com | 7840061198 | Male | General |

© Project Samarth - All Rights Reserved

Designed & Developed by

Initiative By MoE

| # | Form Number | Photo | Programme | Paid/Unpaid | Order Number | Transaction Number | Bank Transaction Number | Date of Payment | Name | Email | Mobile | Gender | Categor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Sele… | | | | | | | | | | |
| 13 | MGAHU22003548 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4782 | 111659926173 | 582491 | 2022-09-30 23:44:29 | Nrasinga Ram | nrasinghram1998@gmail.com | 7976806826 | Male | SC |
| 14 | MGAHU22003547 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4768 | 111659903063 | 227304876799 | 2022-09-30 23:07:54 | GOVIND KUMAR NANOMA | ADWAITINSTITUTE+govindkumar@GMAIL.COM | 9799184469 | Male | ST |
| 15 | |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | × Transactions | | | | | TULCHHI RAM MEGHWAL | tulchhiramdhal2017@gmail.com | 9602800814 | Male | SC |
| 16 | MGAHU22003545 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4765 | 111659896156 | 472049 | 2022-09-30 22:58:51 | SHANTA KUMAWAT | prajapatkartik155@gmail.com | 7976252878 | Female | OBC |
| 17 | MGAHU22003544 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4766 | 111659898210 | 227302133394 | 2022-09-30 23:11:41 | RUPENDRA SINGH | rupendragurjar63@gmail.com | 9785346885 | Male | OBC |
| 18 | MGAHU22003543 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4770 | 111659908272 | 887418 | 2022-09-30 23:12:28 | ASHISH DATTADIGAMBAR ZAKARDE | ashishzakarde@gmail.com | 7447678182 | Male | ST |
| 19 | MGAHU22003542 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4764 | 111659896021 | 227372542123 | 2022-09-30 23:02:18 | RAJKUMAR HOLIRAM MATRE | rajkumarmatre48@gmail.com | 8806759584 | Male | OBC |
| 20 | MGAHU22003541 |  | 012 : Bachelor of Education (ODL) | ✓ | 4758 | 111659884201 | 74000 | 2022-09-30 22:45:43 | KALAWATI NAILWAL | kalabcn@gmail.com | 9911970777 | Female | General |

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

© Project Samarth - All Rights Reserved

Designed & Developed by

Initiative By MoE

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

**डॉ. के. बालराजु**
**Dr. K. Balaraju**
निदेशक/ **Director**
दूर शिक्षा निदेशालय
**Directorate of Distance Education**

दूरभाष/ Phone: 07152- 241040

पत्रांक सं.023/2021/ प्र. सं./006 Vol-II/ 3721

दिनांक 29/07/2022

## प्रवेश सूचना, अकादमिक सत्र सितंबर, 2022 (संशोधित जुलाई- अगस्त, 2022)

दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा निम्नांकित हिंदी माध्यम के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं -

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम:**

1. व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA) *
2. समाजकार्य में स्नातकोत्तर (MSW)
3. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ)
4. एमए हिंदी (MAHD)
5. एमए समाजशास्त्र (MAS)
6. एमए इतिहास (MAH)
7. एमए राजनीति विज्ञान (MAPS)

**स्नातक पाठ्यक्रम:**

1. शिक्षा- स्नातक (B.Ed.)
2. पत्रकारिता में स्नातक (BJ)
3. कला में स्नातक (BA)

**स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम:**

1. कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA)
2. पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDJMC)
3. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDEM&FP)
4. सृजनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDCWH)
5. अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDT)
6. नाटक और रंगमंच में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDD&T)
7. मीडिया लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDMW)

**डिप्लोमा पाठ्यक्रम:**

1. कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा (DCA)

**प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (6 माह):**

1. सामाजिक नेतृत्व एवं प्रशासन में प्रमाणपत्र (CSL&G)**
2. चीनी भाषा में प्रमाणपत्र (CCL) **
3. फ्रेंच भाषा में प्रमाणपत्र (CFL)**
4. जापानी भाषा में प्रमाणपत्र (CJL) **
5. स्पैनिश भाषा में प्रमाणपत्र (CSL) **

**प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (3 माह) :**

1. गैर सरकारी संस्थाओं के निर्माण एवं प्रबंधन (CNGOM) **

नोट:- * **यूजीसी डेब (UGC-DEB) से अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थगित हैं। अनुमोदनोपरांत सूचना अलग से केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।**

****केवल मुख्यालय से संचालित किए जाएंगे।**

**सामान्य पाठ्यक्रम हेतु ऑनलाइन आवेदन की लिंक** http://mgahvdde.samarth.edu.in **दि. 30/07/2022 से 15/09/2022 तक उपलब्ध रहेगी।**

**बीएड पाठ्यक्रम हेतु ऑनलाइन आवेदन की लिंक** http://mgahvddeadmission.samarth.edu.in **दि. 30/07/2022 से 15/09/2022 तक उपलब्ध रहेगी।**

महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. **प्रवेश आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य हैं।**
2. **सामान्य पाठ्यक्रम में** आवेदन ऑनलाइन माध्यम से जमा होने के **10 दिनों के भीतर** मुद्रित प्रति आवश्यक संलग्नकों के साथ संबंधित अभ्यास केंद्र अथवा निदेशालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. **आवेदन के साथ संलग्न होने वाले मूल प्रमाण पत्रों की स्कैन्ड (Scanned) प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।**
4. **अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के आवेदकों द्वारा आवेदन के साथ संलग्न होने वाले नवीनतम जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार्य हैं।**

## प्रवेश पात्रता एवं शुल्क विवरण

| क्र. | पाठ्यक्रम | कोड | पात्रता | पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि | | शुल्क(रू में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | न्यूनतम | अधिकतम | |
| **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 1 | व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA)* | 001 | स्नातक (GEN/OBC-45% SC/ST/PH 40%) | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 20,000/-<br>द्वितीय वर्ष 19,750/- |
| 2 | समाजकार्य में स्नातकोत्तर (MSW) | 002 | स्नातक | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 13,000/-<br>द्वितीय वर्ष 12,750/- |
| 3 | पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) | 003 | पत्रकारिता में स्नातक (BJ) | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 12,750/- |
| 4 | एमए हिंदी (MAHD) | 010 | स्नातक | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 7,000/-<br>द्वितीय वर्ष 6,750/- |
| 5 | एमए इतिहास (MAH) | 014 | स्नातक | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 7,000/-<br>द्वितीय वर्ष 6,750/- |
| 6 | एमए समाजशास्त्र (MAS) | 015 | स्नातक | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 7,000/-<br>द्वितीय वर्ष 6,750/- |
| 7 | एमए राजनीति विज्ञान (MAPS) | 016 | स्नातक | 2 वर्ष | 4 वर्ष | प्रथम वर्ष 7,000/-<br>द्वितीय वर्ष 6,750/- |
| **स्नातक पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 8 | शिक्षा स्नातक (B.Ed.) | 012 | 1. स्नातक /परास्नातक (GEN-50%, OBC(NCL-Latest)/ SC/ST/PH-45%)<br>2. प्रारंभिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक<br>3. वे अभ्यर्थी, जिन्होंने एनसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति(Face to face mode) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया है। | 2 वर्ष | 5 वर्ष | प्रथम वर्ष 20,000/-<br>द्वितीय वर्ष 19,750/- |
| 9 | पत्रकारिता में स्नातक (BJ) | 007 | स्नातक | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 7,750/- |
| 10 | कला में स्नातक (BA) | 017 | 10+2/ समकक्ष | 3 वर्ष | 6 वर्ष | प्रथम वर्ष 5,500/-<br>द्वितीय वर्ष 5,000/-<br>तृतीय वर्ष 5,250/- |
| **स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 11 | कंप्यूटर एप्लिकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCA) | 011 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 6,750/- |
| 12 | पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDJMC) | 009 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 4,750/- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDEM&FP) | 008 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 7,550/- |
| 14 | सृजनात्मक लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDCWH) | 018 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 15 | अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDT) | 019 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 16 | नाटक और रंगमंच में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDD&T) | 020 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| 17 | मीडिया लेखन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGDMW) | 021 | स्नातक / समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 5,000/- |
| **डिप्लोमा पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| 18 | कंप्यूटर एप्लिकेशन में डिप्लोमा (DCA) | 013 | 10+2/ समकक्ष | 1 वर्ष | 3 वर्ष | 6,000/- |
| **प्रमाणपत्र (6 माह)** | | | | | | |
| 19 | सामाजिक नेतृत्व एवं प्रशासन में प्रमाणपत्र (CSL&G) ** | 022 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 20 | चीनी भाषा में प्रमाणपत्र (CCL) ** | 023 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 21 | फ्रेंच भाषा में प्रमाणपत्र (CFL) ** | 024 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 22 | जापानी भाषा में प्रमाणपत्र (CJL) ** | 026 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| 23 | स्पैनिश भाषा में प्रमाणपत्र (CSL) ** | 027 | 10+2/ समकक्ष | 6 महीने | 1 वर्ष | 3,000/- |
| **प्रमाणपत्र (3 माह)** | | | | | | |
| 24 | गैर सरकारी संस्थाओं के निर्माण एवं प्रबंधन (CNGOM) ** | 028 | 10+2/ समकक्ष | 3 महीने | 6 महीने | 2,000/- |

**नोट:- * यूजीसी डेब (UGC-DEB) से अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थगित हैं। अनुमोदनोपरांत सूचना अलग से केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।)**

****केवल मुख्यालय से संचालित किए जाएंगे।**

अधिक जानकारी के लिए करमुक्त दूरभाष क्रमांक- 18002331575 पर संपर्क किया जा सकता है।

K. Balaji 29/7/22
(निदेशक)

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

प्रो. हरीश अरोड़ा
**Prof. Harish Arora**
निदेशक/ **Director**
दूर शिक्षा निदेशालय
**Directorate of Distance Education**

दूरभाष/ Phone: 07152- 241040

पत्रांक: 023/2021-22/बीएड पा./004/3398

दिनांक: 23/11/2021

## कार्यालयादेश

दूर शिक्षा निदेशालय से जुलाई 2021, संशोधित, नवंबर 2021, (यूजीसी से निर्गत सूचनानुसार) बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2021 है। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेत समय- समय पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के साथ संलग्न आवश्यक दस्तावेज़, प्रमाण पत्र आदि की एनसीटीई के नियमानुसार जांच कर प्रवेश योग्य विद्यार्थियों की श्रेष्ठता आधारित (सामन्य/ अपिव/ अजा/ अजजा/ आरूक/ दिव्यांग आरक्षण को ध्यान में रखते हुए) पात्र विद्यार्थियों की सूची तथा अपात्र (स्पष्ट कारण सहित) विद्यार्थियों की सूची तैयार करने हेतु पत्रांक: 023/2021-22/बीएड पा./004/3385, दिनांक: 15/11/2021 को जारी कार्यालयादेश के माध्यम से गठित समिति में निम्नांकित सदस्यो को नामित किया जाता है-

1. डॉ. सारिका राय शर्मा, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विद्यापीठ : सदस्य
2. डॉ. आर पुष्पा नामदेव, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विद्यापीठ : सदस्य
3. डॉ. भरत कुमार पंडा, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विद्यापीठ : सदस्य

दिनांक 01/12/2021, को अपराह्न 12 बजे तक कार्य संपन्न कर ' प्रवेश योग्य विद्यार्थियों की अंतिम सूची' उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

23/11/21
(निदेशक)

प्रति- संबंधित समस्त

प्रतिलिपि- विभागाध्यक्ष, शिक्षा विद्यापीठ

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रो. हरीश अरोड़ा
**Prof. Harish Arora**
निदेशक/ **Director**
दूर शिक्षा निदेशालय
**Directorate of Distance Education**

दूरभाष/ Phone: 07152- 241040

पत्रांक: 023/2021-22/ बीएड पा./004/3356

दिनांक: 15/11/2021

## कार्यालयादेश

दूर शिक्षा निदेशालय से जुलाई 2021, संशोधित, नवंबर 2021, (यूजीसी से निर्गत सूचनानुसार) बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2021 है। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु समय- समय पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के साथ संलग्न आवश्यक दस्तावेज़, प्रमाण पत्र आदि की एनसीटीई के नियमानुसार जांच कर प्रवेश योग्य विद्यार्थियों की श्रेष्ठता आधारित (सामान्य/ अपिव/ अजा/ अजजा/ आरूक/ दिव्यांग आरक्षण को ध्यान में रखते हुए) पात्र विद्यार्थियों की सूची तथा अपात्र (स्पष्ट कारण सहित) विद्यार्थियों की सूची तैयार करने हेतु निम्नांकित समिति का गठन किया जाता है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. ऋषभ कुमार मिश्र, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विद्यापीठ | : | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. धर्मेंद्र शंभरकर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विद्यापीठ | : | सदस्य |
| 3. | डॉ. आदित्य चुतर्वेदी, सहायक प्रोफेसर (अस्थाई), दूशिनि | : | सदस्य |
| 4. | डॉ. गुणवंत सोनोने, सहायक प्रोफेसर (अस्थाई), दूशिनि | : | सदस्य |
| 5 | डॉ. तक्षा शंभरकर, सहायक प्रोफेसर (अस्थाई), दूशिनि | : | सदस्य |

दिनांक 01/12/2021, को अपराह्न 12 बजे तक कार्य संपन्न कर 'प्रवेश योग्य विद्यार्थियों की अंतिम सूची' उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(निदेशक)

प्रति- संबंधित समस्त